# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 22 मार्च 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 297 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1882 : घातक संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई।
1888 : इंग्लिश फुटबॉल लीग की स्थापना।
1912 : बंगाल से अलग कर बिहार को एक नये राज्य का दर्जा मिला।
1917 : रूस की नई सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
1958 : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
1977 : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
1979 : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए झारखंड सरकार लगातार प्रयासरत : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव, रहन-सहन, खान-पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही हैं। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती हैं। वे आज झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज




थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान-पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों (फिजिकल एक्टिविटीज) पर फोकस करने की जरूरत है। लापरवाही बरतते हैं तो आगे चलकर ऐसी बीमारियों के इलाज में काफी खर्च करना पड़ सकता है, वहीं पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी भी नहीं दी जा सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही हैं, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है, ताकि बीमारी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है। आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूडस का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स ( मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें। अपने फूड हैबिट्स में बदलाव लाना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायकगण, यूनिसेफ की डॉ कनीनिका मित्रा, आस्था अलंग समेत अन्य मौजूद थे।

# बिहार में वज्रपात से तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मौसम ने करवट ले ली है। राज्यभर में पिछले 24 घंटों में कई जिलों में बारिश हुई है। इसके साथ ही वज्रपात ने भी कहर बरपाया है। तीन लोगों की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतकों के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**रोहतास में युवक की गई जान :**

रोहतास में एक युवक की वज्रपात से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अनवर के रूप में हुई है। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के सरोज गांव में यह हादसा हुआ। वह खेत में घास काटने गया था। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ ठनका गिरा। इसकी चपेट में आने से मौके पर ही अनवर की मौत हो गई।

**गया में बच्ची की मौत :**

गया जिले में भी वज्रपात ने कहर बरपाया। यहां पर 10 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना क्षेत्र का यह मामला है। जहां के बधौता गांव निवासी उपेंद्र भारती की 10 साल की बच्ची ठनका की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मासूम बच्ची खेत में बंधी बकरी को लाने गई थी, तभी शिकार हो गई। पुलिस ने शव एएनएमएमसीएच पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**बक्सर में युवक की मौत :**

इसके अलावा बक्सर में भी 22 साल के युवक की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त दीपक नुनिया के रूप में हुई है। यह घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मंगोलपुर गांव की है। बताया जाता है कि दीपक खेत में घास काटने गया था इसी दौरान ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

**दो दिनों के लिए अलर्ट :**

पटना मौसम विभाग लगातार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी कर रहा है। विभाग ने 22 मार्च के लिए सभी 38 जिलों के लिए अलर्ट जारी है। इसमें से 33 जिले के लिए येलो अलर्ट जबकि 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा तोहफा

# सीएनटी- एसपीटी एक्ट वाली जमीन पर अब लोन लेने में होगी आसानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सीएनटी-एसपीटी एक्ट के अंतर्गत आनेवाली जमीन पर अब बैंक लोन मिलने में आसानी होगी। राज्य सरकार बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल को ग्राहकों के लिए बैंकों के माध्यम से ज्यादा उपयोगी बनाने जा रही है। अभी तक बैंकों से आदिवासी जमीन पर सीएनटी एक्ट के कारण किसी भी तरह का लोन मंजूर करने में परेशानी होती थी। अगर ऋण की मंजूरी मिलती भी थी, तो उसके लिए बैंकों को कई सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पड़ते थे। अब बैंकों के पास जमीन किस नेचर की है, उसकी पूरी जानकारी रहेगी। एसएलबीसी कृषि उप समिति के साथ मंत्रणा कर नियमों को अब ज्यादा पारदर्शी बनाने में जुटा है। पोर्टल में 36.84 लाख लाभार्थियों का डेटा होगा, जो अगले कुछ दिनों में उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसके बाद बैंक अधिकारी खुद बैंक में बैठे-बैठे ही



एक क्लिक पर जमीन की पूरी हिस्ट्री आसानी से जान सकेंगे। अब एसटी, एससी वर्ग से आनेवाले लोगों के लिए सीएनटी एक्ट के अंतर्गत आने वाली जमीन पर भी बड़े लोन दिये जा सकेंगे। झारखंड में कुल मिलाकर लगभग नौ लाख ऐसी महिलाएं हैं, जिनमें से तीन लाख महिलाएं एसएचजी ऋण के माध्यम से खेती की गतिविधियों के लिए अपने परिवार के सदस्यों की मदद कर रही हैं। 90 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को अकेले जेआरजी बैंक द्वारा कर्ज उपलब्ध कराया गया है ।कृषि विभाग निकट भविष्य में एक मास्टर लॉग इन तैयार कर उसे एसएलबीसी को देगा, जिसके बाद एसएलबीसी संबंधित बैंकों की लॉग इन आईडी बनायेगा और बैंक अपनी शाखाओं के लिए लॉग इन क्रेडेंशियल प्रदान करेगा। पोर्टल में 16 लाख किसानों के भूमि रिकॉर्ड और किसान विवरण के साथ-साथ बैंक खाते और बैंकों द्वारा प्राप्त सुविधा भी दर्शायी जायेंगी, उसके बाद आने वाले दिनों में लगभग 35 लाख किसानों का अतिरिक्त विवरण उनके भूमि रिकॉर्ड के साथ अपलोड किया जायेगा।

# पीएम मोदी 24 अप्रैल को आयेंगे बिहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार आयेंगे। वे पंचायती राज दिवस पर मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीएम मोदी अपने बिहार दौरे के दौरान पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। इससे साथ ही वह बिहार को कई अन्य विकास योजनाओं का भी सौगात दे सकते हैं।

# छड़ लदा ट्रैक्टर पलटने दो मजदूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** दुमका जिले के सरैयाहाट गादीझोपा मुख्य सड़क पर चंपागढ़ के पास छड़ लदा ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे की है। गादीझोपा गांव के हीरा चौधरी के ट्रैक्टर पर छड़ लोड कर ये लोग सरैयाहाट जा रहे थे। इसी क्रम में चंपागढ़ के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर एक गहरी खाई में पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर पर बैठे दो युवक गिर गये और नीचे दब गये। इससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर पलटने की जोरदार आवाज सुन कर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों व वहां से गुजर रहे राहगीरों ने ट्रैक्टर हटाकर दोनों युवकों को बचाने का प्रयास किया, परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी। मृतक जीतलाल टुडू (20 वर्ष) गादीझोपा गांव का रहने वाला था। वहीं महेश सोरेन (21 वर्ष) बिहार के जयपुर



थाना स्थित पंचरूखी गांव का बताया जाता है। महेश सोरेन घर का एकलौता चिराग था। परिजन दहाड़ मारकर रो रहे थे। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य भी था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ताराचंद अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर एवं छड़ को जब्त कर लिया गया। हालांकि कुछ देर के लिए मृतक के परिजन पुलिस को शव ले जाने के लिए रोक रहे थे, लेकिन थाना प्रभारी के समझाने के बाद शव को थाना लाया गया। दोनों युवकों की मौत के बाद दोनों के घर में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है। शव के थाना पहुंचते ही लोगों की भीड़ लग गयी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि ट्रैक्टर और उस पर लदे छड़ को जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में ट्रैक्टर के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजन को सहायता राशि दिलायी जाएगी।

# बिहार दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन आज से

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22 से 26 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव का थीम 'उन्नत बिहार- विकसित बिहार' रखा गया है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही बिहार की समृद्ध परंपरा, खानपान और विकास की झलक देखने को मिलेगी। गांधी मैदान में शनिवार की शाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक और बिहार के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। बिहार पर्यटन विभाग की ओर से मेले में खाने पीने का अलग से स्टॉल लगाया जा रहा है। इस व्यंजन मेले के लिए 220 फीट लंबा और 450 फीट चौड़ा बड़ा क्षेत्र तय किया गया है।

# जुड़वा बच्चों के साथ आग में जिंदा जली महिला

- कुछ माह पूर्व ही महिला को हुए थे जुड़वा बच्चे
- मृतका का पति दिल्ली में करता है मजदूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में जुड़वा बच्चों के साथ एक महिला आग में जिंदा जल गयी। हादसे का कारण पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। मृतका हादसे के वक्त घर पर अकेली थी। उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है। चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र की घोड़दौड़ पंचायत के करिहारा गांव में शुक्रवार को एक महिला की अपने तीन माह के जुड़वे बच्चों के साथ जलकर मौत हो गयी। महिला करिहारा गांव की दिलीप यादव की पत्नी शिवी देवी (22 वर्ष) थी। घटना की खबर सुनकर गांववाले मृतका के घर पहुंचे। इस हादसे से माहौल गमगीन हो गया था। हादसे की वजह का पता नहीं लग सका है। आग में जलकर तीन लोगों की मौत की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, प्रतापपुर पुलिस ने करिहारा गांव पहुंचकर शव का पंचनामा किया और कब्जा में ले लिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि शिवि देवी अपने दो बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। जब उसके ससुर घर पर आए तो उन्होंने देखा कि बहू और जुड़वा बच्चों का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण जमा हो गए। इसके बाद हादसे की सूचना पुलिस को दी गयी। मृतका का पति दिलीप यादव दिल्ली में मजदूरी करता है। चार साल पहले उसकी शादी हुई थी। कुछ महीने पहले उसे जुड़वा बच्चे हुए थे।

# मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मिल जाएगी मुक्ति : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा को संबोधित करते हुए 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का वादा किया। गृह मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए अमित शाह ने मंत्रालय के काम को गिनाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में वो काम हुए हैं, जो आजादी के बाद अब तक नहीं हुए थे। अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने राज्यसभा में आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। उन्होंने जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के 'एक संविधान, एक ध्वज' के सपने को पूरा किया है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए परिवर्तन के बारे में प्रश्न पूछने वाले विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा



कि इसके समाप्त होने के बाद वहां आतंकवाद, पथराव, जबरदस्ती बंद की घटनाओं में भारी कमी आई है तथा राज्य में जितना निवेश आया, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था।

शाह ने जम्मू कश्मीर एवं वहां के आतंकवाद, वाम नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर के उग्रवाद को 'तीन नासूर' की संज्ञा दी। शाह ने कहा कि अगर इन तीनों समस्याओं को जोड़ दिया जाए तो चार दशकों में देश के कुल 92 हजार नागरिक मारे गये। उस समय की केंद्र सरकार को वोट बैंक का भी डर था। उन्होंने कहा कि इन तीनों समस्याओं के लिए पहले ऐसे कभी सुनियोजित प्रयास नहीं किए गए जो नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद किए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले पड़ोसी देश से आतंकवादी सीमा पार कर आते थे और यहां धमाके करते थे, हत्याएं करते थे। उन्होंने कहा कि एक भी त्योहार ऐसा नहीं जाता था कि उसे लेकर चिंता नहीं की जाती थी। उस समय की केंद्र सरकार ने लचीला रवैया अपना रखा था। वे चुप्पी साध जाते थे, बोलने में डर लगता था। वोट बैंक का भी डर था। शाह ने कहा- हमारे आने के बाद भी हमले हुए, उरी पर हुआ, पुलवामा पर हुआ। पहले भी हमले होते थे, कोई कुछ नहीं बोलता था, कुछ नहीं करता था, दिल्ली के अखबारों में एक छोटी-सी खबर छप जाती थी।''आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद उरी और पुलवामा हमलों के बाद दस दिन के भीतर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की गई। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया में दो ही देश ऐसे थे जो अपनी सीमा और सेना की सुरक्षा के लिए हमेशा सम्मान के साथ तत्पर रहते थे। ये देश हैं- अमेरिका और इजराइल। उन दो देशों की सूची में मेरे महान देश भारत का नाम जोड़ने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। गृह मंत्री ने कहा कि इसी के साथ आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टालरेंस की नीति' शुरू हुई। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के मूल में अनुच्छेद 370 था। उन्होंने देश के संविधान निर्माताओं का धन्यवाद दिया कि उन्होंने अनुच्छेद 370 में ही इसको हटाने के बीज डाल दिये थे। शाह ने कहा कि इसी सदन ने पांच अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 को समाप्त कर दिया। हमारे संविधान निर्माताओं का वह स्वप्न कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं होंगे। उन्होंने जम्मू कश्मीर में विभिन्न वर्गों को दिये गये आरक्षण लाभ की ओर सदन का ध्यान दिलवाया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग हिसाब मांगते हैं कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद क्या विकास हुआ।


BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि: 3 वर्ष, योग्यता :10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

• एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online: www.bayc.in


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# राबड़ी पर भड़के नीतीश कुमार: मुख्यमंत्री ने लालू-राबड़ी के शासनकाल पर किया पलटवार

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधान परिषद में गुरुवार को बढ़ते अपराध पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भिड़ंत हो गई। विपक्षी सदस्यों ने वेल में पहुंचकर हंगामा और नारेबाजी किया तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भिड़ गए। सीएम नीतीश अपनी जगह पर खड़े हुए और आरजेडी और बड़े भाई लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी पर तीखा हमला किया। इसी बीच राबड़ी देवी बोलने लगी तो सीएम आग बबूला हो गए। नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल पर पलटवार किया।



### राबड़ी पर भड़के नीतीश

नीतीश कुमार ने कहा कि मेरी बात सुन लीजिए। आपलोग आराम से बैठ जाइये। किसी की हत्या हुई है तो हमारी सरकार जांच करवाएगी, हम तो आज ही पूछेंगे। इस दौरान नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इनके पति की सरकार थी। लेकिन बाद में इनको ही बैठा दिया। आजतक कभी किसी के लिए कुछ किया गया था।

इस बीच विपक्ष बिफर गया तो सीएम ने कहा कि बैठो ना काहे के लिए हंगामा कर रहे हो। नीतीश कुमार ने कहा कि आजतक एक काम किया था? हिंदू-मुस्लिम का कितना ज्यादा झगड़ा होता रहता था। ये लोग भड़काते रहते थे, कोई काम किया था? सब काम हमने किया है इसलिए इनलोगों के बोलने का कोई मतलब नहीं है। 19 साल से सारा काम हो रहा है। आप लोग बोलकर सिर्फ अपनी पब्लिसिटी करना चाहते हैं।

### छोड़अ न तोरा कउची मालूम है?

नीतीश कुमार ने आगे कहा कि पहले क्या होता था सबको पता है। इसी बीच राबड़ी देवी अपनी बात कहने लगीं तो नीतीश कुमार ने कि अरे छोड़अ न तोरा कउची मालूम है। आप क्या थे? कौची (किसलिए) के लिए मुख्यमंत्री बने? आपके पति का सस्पेंशन हुआ तो आप सीएम बन गए। अरे घर का ही आदमी का ना हो रहा है। ई सब का कोई मतलब नहीं है। सब झूठ बात है।

### राबड़ी ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने जमकर नीतिश सरकार पर निशाना साधा और कहा है कि बिहार में रोज-रोज हत्याएं हो रही हैं, बलात्कार हो रहा है। इसका सिलसिला थम नहीं रहा है और नीतीश कुमार अपने राज को सुशासन की सरकार कह रहे हैं। बिहार की जनता देख रही है कि किस तरह का हालत बिहार का बना हुआ है और नीतीश कुमार चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार पूरी तरह से फेल है। कानून व्यवस्था का हालत ऐसा है कि अपराधी अपराध करके खुलेआम भाग जाते हैं। राजधानी पटना में करोड़ों रुपया की लूट हो जाती है और पुलिस हाथ मलते रह जाती है। सत्ता के संरक्षण में ही अपराध हो रहा है, बलात्कार हो रहा है, हत्या हो रही है।

## राष्ट्रगान के अपमान पर विपक्ष ने मांगा नीतीश का इस्तीफा

### बीजेपी विधायक बोले–अपमान नहीं किया,कल राष्ट्रगान रुकवाकर स्टेडियम घूमने निकले थे मुख्यमंत्री



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में आज राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर सियासत सदन के बाहर से ही शुरू हो गई। विधानसभा और विधान परिषद के पोर्टिको में विपक्ष के नेताओं ने नारेबाजी कर सीएम नीतीश से इस्तीफे की मांग की। तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी हाथ में बैनर लिए नारेबाजी की। विपक्षी की नारेबाजी पर बीजेपी विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि :सीएम ने राष्ट्रगान का अपमान नहीं किया है। उनको कुछ याद आ गया होगा।:

राष्ट्र गान ध्यान में नहीं होगा तो दीपक कुमार को टोक दिया। फिर से वो राष्ट्र गान की मुद्रा में आ गए। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं होता तो बोलते रहते हैं। ये राष्ट्र गान का अपमान नहीं है। विपक्ष का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। उनका मेडिकल बुलेटिन जारी करना चाहिए।

### राष्ट्रगान रुकवाकर स्टेडियम घूमने निकले थे मुख्यमंत्री

दरअसल, कल गुरुवार को सीएम पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। ष्टरूके पहुंचने के बाद राष्ट्रगान बजाया जाना था, लेकिन उन्होंने राष्ट्रगान को शुरू होने से पहले रुकवा दिया। उन्होंने मंच से इशारों में कहा, :पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा।: सीएम का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। राष्ट्रगान रुकवाने के बाद वे स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। फिर कुछ देर बाद मंच पर लौट आए। फिर से राष्ट्रगान शुरू हुआ। इस दौरान नीतीश हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। जब प्रधान सचिव दीपक कुमार ने यह देखा तो उन्होंने हाथ देकर रोकना चाहा। उन्हें सावधान मुद्रा में रहने का इशारा किया, लेकिन वह तब भी नहीं माने और पत्रकारों की तरफ देखकर प्रणाम करने लगे।

### लालू बोले- बिहारवासियों, अब भी कुछ बचा है

सीएम नीतीश की इस हरकत पर लालू यादव ने एक्स पर लिखा, :राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। बिहारवासियों, अब भी कुछ बचा है?: वहीं, एमएलसीसुनील कुमार सिंह ने फेसबुक पर लिखा, :जिस तरह से आज हुजूर की ओर से राष्ट्रीय गान का घोर अपमान किया गया है, राज्य के सभी लोगों को इसकी कड़ी निंदा करनी चाहिए।

## नीतीश को डॉक्टरी देख-रेख की जरूरत, रोहिणी ने कहा- सीएम की सेहत गंभीर चिंता की बात



**पटना, एजेंसी।** सेपक टकरा वर्ल्ड कप के उद्घाटन समारोह वाली मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वायरल वीडियो पर बिहार का सियासी पारा हाई हो गया है। वीडियो में नीतीश कुमार राष्ट्रगान के दौरान हंसते और हाथ जोड़ते देखे गए। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। राष्ट्रीय जनता दल(राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बाद सारण लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी और आरजेडी नेत्री रोहिणी आचार्या भी इस मामले में कूद पड़ी हैं। पिता और भाई के ट्वीट के बाद उन्होंने भी ट्वीट कर नीतीश कुमार की सेहत पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि कुछ तो गड़बड़ है।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए रोहिणी आचार्या ने लिखा है कि मुख्यमंत्री जी की दिमागी सेहत के साथ कुछ तो जरूर गड़बड़ है। राष्ट्रगान के दौरान राष्ट्रगान की मर्यादा के विपरीत किया गया आचरण , सदन में सत्र के दौरान निरंतर किए जाने वाले तरह-तरह के इशारे, दर्जनों दफा सार्वजनिक मंचों पर सरकारी कार्यक्रमों में की गयीं अजीबोगरीब हरकतें , अनेकों अमर्यादित - अभद्र और अश्लील वक्तव्य - बयान , बात-बात पर चीखना-चिल्लाना, उत्तेजित होना, तू-तड़ाक करना, विपक्ष के माननीय विधायकों-विधान पार्षदों, बिहार की पूर्व व् प्रथम महिला मुख्यमंत्री के लिए अनादर सूचक शब्दों का इस्तेमाल। इन सब बातों से से स्पष्ट है बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी की मानसिक स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। रोहिणी ने कहा है कि मुख्मंत्री नीतीश कुमार को तत्काल गहन चिकित्सीय परामर्श और देख- ख की जरूरत है। मर्ज लाइलाज हो जाए इससे पहले समय रहते उचित इलाज हो। यही मुख्यमंत्री जी के साथ - साथ बिहार की सेहत के लिए भी बेहतर है। इससे पहले लालू यादव और तेजस्वी यादव ने सीएम के वीडियो पर तंज कसते हुए ट्वीट किया था। लालू यादव ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। उन्होंने सीएम की गतिविधि पर आपत्ति जताते हुए इसे राष्ट्रगान का अपमान बताया था। तेजस्वी यादव ने भी ट्वीट कर कहा कि कम से कम राष्ट्रगान का अपमान तो मत करिए।

### होमगार्ड और पत्नी पर पड़ोसी ने किया चाकू से हमला :पति की हालत गंभीर

**गोपालगंज , एजेंसी।** गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के विदेशी टोला गांव में एक पुराने विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। जहां एक होमगार्ड जवान और उनकी पत्नी पर पड़ोसी ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान शर्मानंद रावत(55) और उनकी पत्नी अंजू देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जख्मी शर्मानंद की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें सिवान के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार विवाद की जड़ एक माह पहले स्कूल में हुई घटना है। दोनों पक्षों की बेटियां एक ही स्कूल में पढ़ती हैं। एक दिन पानी छिड़कने को लेकर बच्चियों में झगड़ा हुआ, जो बड़ों तक पहुंच गया। मामला थाने तक गया, लेकिन समझौते से सुलझ गया।

## समस्तीपुर में गैस सिलेंडर में लीक से लगी आग:बुजुर्ग महिला की जलकर हुई मौत



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के हंसौली गांव के वार्ड पांच मोहल्ला में गुरुवार शाम गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में आग लग गई। अगलगी कि इस घटना में एक बुजुर्ग महिला की भी जलकर मौत हो गई। वहीं घर का सारा सामान भी जलकर खाक हो गया। हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। मृत महिला की पहचान गांव के स्वर्गीय इतवारी पासवान की पत्नी देवकी देवी (80) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची उजियारपुर थाने की पुलिस ने महिला का शव जब्त कर गुरुवार रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। ?

### पति की मौत हो चुकी है, बेटा परदेश में

घटना के संबंध में गांव के राकेश कुमार ने बतलाया कि बुजुर्ग महिला अकेले ही गांव में रहती थी। पति की मौत हो चुकी है जबकि बेटा परदेस में रहता है। लोगों ने बताया कि महिला शाम में खाना बना रही थी इसी दौरान गैस सिलेंडर लीक कर गया और ब्लास्ट हुआ । जिससे घर में भी आग लग गई । बुजुर्ग महिला की मौत हो गई । आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी उजियारपुर थाने की पुलिस को दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को सदर अस्पताल भेजा है। ? उधर अगलगी की इस घटना में बुजुर्ग महिला के घर में रखा कपड़ा अनाज आदि भी चल कर खाक हो गया।

### क्या बोली पुलिस

उजियारपुर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बतलाया गैस सिलेंडर लीक होने से महिला की जुलस कर मौत हुई है। इस घटना में महिला के घर में भी आग लग गई थी जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बुझाया गया। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है घटना को लेकर एक जूडी केस दर्ज की जा रही है महिला के घर में कोई नहीं रहता था।

## अब सीतामढ़ी में 1522 शिक्षकों पर एक्शन, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रोका वेतन

**सीतामढ़ी , एजेंसी।** बिहार में शिक्षकों पर एक्शन जारी है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग ने सीतामढ़ी जिले के विभिन्न शिक्षकों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी शिक्षकों को नोटिस और शो कॉज भी जारी किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंड के 1522 शिक्षकों ने शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है।




**सीतामढ़ी में 1522 शिक्षकों पर गाज :** जिले के सबसे अधिक बाजपट्टी प्रखंड के 107 तो बथनाहा प्रखंड 71 शिक्षकों पर शो कॉज का नोटिस जारी किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि बीते 18 मार्च को एक समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि शिक्षा विभाग के ही पोर्टल पर 1522 शिक्षकों के द्वारा ई पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की गई।

**50 प्रतिशत शिक्षकों ने ही दिया जवाब :** जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि 1522 शिक्षकों में से तकरीबन 50प्रतिशत शिक्षकों ने ही अब तक स्पष्टीकरण का जवाब दिया है। समीक्षा की जा रही है और आगे शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जो शिक्षक शिक्षा विभाग के गाइडलाइन के अनुसार काम नहीं करेंगे समय पर विद्यालय नहीं पहुंचेंगे उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। इसको देखते हुए सभी को नोटिस किया गया है और जवाब मांगा गया है। तत्काल सभी शिक्षकों के वेतन पर रोक लगा दिया गया है और 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है।

**बहाना बनाने पर शिक्षा विभाग का एक्शन :** बता दें कि प्रदेश के सभी जिलों में यह एक्शन देखने को मिल रहा है। पश्चिम चंपारण से लेकर पटना तक इससे हड़कंप मचा है। दरअसल यह पाया गया है कि कई शिक्षक नेटवर्क का बहाना बनाकर ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाते हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने एक्शन शुरू कर दिया है।

### केंद्रीय मंत्री के चचेरे मामा को बदमाशों ने मारी गोली

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में गुरुवार रात मुजफ्फरपुर सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ। राजभूषण चौधरी के चचेरे मामा मालिक सहनी को गोली मार दी। घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी भगवती स्थान के समीप की है। मालिक सहनी को इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, मालिक सहनी का कुंभी भगवती स्थान चौक के पास मिठाई, सुधा के प्रोडक्ट और कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। दो दिन पहले मालिक सहनी का बेटा विक्रम जब दुकान पर था तो गांव के ही कुछ युवक आए और सामान लिया, जिसमें पैसे को लेकर दोनों में विवाद हुआ था।

**एक बाइक पर सवार थे तीन बदमाश :** बीते रात करीब 10:00 बजे मालिक सहनी जब दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और तीनों दुकान के बाहर रुके। बाइक पर पीछे बैठे दो युवक ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। एक गोली मालिक साहनी के दाएं पैर में लगी, जबकि बाकि गोलियां दुकान के काउंटर और फ्रिज में लगी है। गोली की आवाज सुनकर जब तक लोग दौड़े, तब तक सभी बदमाश फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना घायल के परिजन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है।

## शिक्षकों को हाजिरी में लापरवाही पड़ी भारी, मसौढ़ी के 185 गुरुजी को शोकॉज



**पटना, एजेंसी।** ई-शिक्षा कोष की ऑनलाइन हाजिरी में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर शिक्षा विभाग सख्त एक्शन लेने की तैयारी में है। इस मामले में डीईओ के आदेश पर उन सभी विद्यालय हेडमास्टर को स्पष्टीकरण जारी किया गया। ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनने पर मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 185 शिक्षकों पर शोकॉज जारी किया गया है।

**185 शिक्षकों से शोकॉज:** डीईओ ने चेतावनी दी है कि अगर हाजिरी अपडेट नहीं की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल पिछले 19 मार्च को मसौढ़ी अनुमंडल में 185 शिक्षकों ने ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं बनाया। जिसमें मसौढ़ी प्रखंड में 75 शिक्षक, धनरूआ प्रखंड में 72 शिक्षक और पुनपुन प्रखंड में 38 शिक्षक शामिल हैं। ऐसे जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने इन सबों को अनुपस्थित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से अनुपस्थित शिक्षकों की अधतन स्थिति के बारे में 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगा है।

**1111 शिक्षकों का अटेंडेंस अपडेट नहीं:** शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस बनाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऐसे में ई शिक्षकों के माध्यम से सभी शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस बनाते हैं। पूरे जिले में 1111 शिक्षक ऐसे पाए गए हैं जिनकी हाजिरी ई-शिक्षा कोष एप पर अपडेट नहीं हो रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने इस मामले में सख्ती दिखाई है। उन्होंने संबंधित शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों से जवाब मांगा है।

**विभाग ने मांगी पूरी रिपोर्ट:** डीईओ ने सख्त चेतावनी दी गई है कि सभी शिक्षक प्रत्येक दिन ई शिक्षा कोष के माध्यम से ऑनलाइन अटेंडेंस बनाएं। विद्यालय में पठन-पाठन के दौरान शिक्षक अनुपस्थित हैं या नहीं है इसके बारे में अद्यतन जानकारी की पूरी तरह से रिपोर्ट मांगी गई है।

### सरकार ने सहूलियत दी तो उठाने लगे फायदे

दरअसल, विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों हाजिरी बनाना है। ऐसे में शिक्षक सरकार के इस आदेश का भरपूर दुरुपयोग कर रहे हैं। शिक्षा विभाग ने कुछ दिन पहले लेटर जारी किया था कि नेट से या किसी टेक्निकल प्रॉब्लम से अगर शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा पाते हैं तो शिक्षक ऑफलाइन भी हाजिरी लगा सकते हैं। जिससे उनकी सैलरी नहीं कटेगी।

**मोबाइल नेटवर्क का बना रहे बहाना :** विभाग के इस लेटर का शिक्षक भरपूर फायदा उठा रहे हैं। सूत्रों की माने तो ऑफलाइन हाजिरी लगाकर शिक्षक विद्यालय छोड़कर गायब हो जा रहे हैं। बोल दिया जाता है कि मोबाइल का नेटवर्क काम नहीं कर रहा है। शिक्षक ऑनलाइन ई-शिक्षा कोष पर हाजिरी नहीं बना रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार


## 24 साल पुराने हत्याकांड में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

■ भैंस बांधने के विवाद में महिला की गोली मारकर हुई थी हत्या, 3 रिहा

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** सासाराम में 24 साल पुराने हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार पांडे की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोनों को आजीवन कारावास और 60-60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें की मामला 26 अक्टूबर 2001 का है। राजपुर थाना क्षेत्र के बलीगांव में गौशाला में भैंस बांधने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी त्रिभुवन चौधरी और उनके बेटे दिग्विजय चौधरी ने राइफल और कट्टा लेकर राजेंद्र प्रसाद सिंह के घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में राजेंद्र की भाभी राज कुमारी देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। अपर लोक अभियोजक रामकुमार तिवारी ने बताया कि इस मामले में कुल पांच लोगों पर मुकदमा चल रहा था। तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया। घटना के मुख्य आरोपी राजन चौधरी की पहले ही हत्या हो चुकी थी। अदालत में सात गवाहों की गवाही दर्ज की गई। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत दोषी पाया और सजा सुनाई।

## ईडब्ल्यूएस की उम्र सीमा में छूट नहीं मिलेगी

■ नीतीश सरकार ने साफ किया आरक्षण पर रुख



**पटना, एजेंसी।** बिहार की नीतीश सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण पर अपना रुख स्पष्ट किया है। राज्य में ईडब्ल्यूएस आरक्षण की उम्र सीमा में कोई छूट नहीं मिलेगी। बिहार विधानसभा में प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि संविधान में 103वें संशोधन के तहत केंद्र सरकार कार्यालय द्वारा जारी ज्ञापन के बाद विभिन्न पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में ईडब्ल्यूएस (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के लिए राज्य में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू है। केंद्र के ज्ञापन में इस वर्ग को उम्र सीमा में छूट देने का प्रावधान नहीं किया गया है, इसलिए राज्य सरकार की नियमावली में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को सदन में जेडीयू विधायक डॉ. संजीव कुमार एवं अन्य के ध्यानाकर्षण के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले पर निर्णय का अधिकार भारत सरकार को ही है। केंद्र सरकार अगर ईडब्ल्यूएस आरक्षण के अंदर उम्र सीमा में छूट देने के लिए संविधान में संशोधन करती है, तभी इस पर कोई विचार किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का कार्यालय ज्ञापन 31 जनवरी, 2019 को आया, जिसके आधार पर बिहार में सामान्य प्रशान विभाग ने नियमावली बनाई गई, जिनमें रिक्तियों और नामांकन में ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण दिया गया है।

## बिहार के सुपौल में एसिड अटैक, तीन लोग चपेट में आए

**सुपौल , एजेंसी।** बिहार के सुपौल में एसिड अटैक का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें एक पक्ष द्वारा एसिड फेंकने की घटना सामने आई। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। जिनमें से एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

**सुपौल में एसिड अटैक :** जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात महेशपुर गांव में विवादित जमीन पर एक पक्ष द्वारा घर बनाया जा रहा था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर एसिड फेंक दिया।

**स्थिति गंभीर होने पर किया गया रेफर :** एसिड अटैक में रविंद्र साह, अशोक साह और रोहित साह बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। डॉ. शैलेंद्र कुमार के मुताबिक एसिड के हमले से घायल रोहित साह को हालत गंभीर होने के कारण उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया।

**लिखित में नहीं दिया गया है आवेदन :** घटना की सूचना मिलते ही पीपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पिपरा थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि, घटना की सूचना मिली है। लेकिन एसिड से घायल लोगों को नहीं देखे हैं। जख्मी लोग इलाज करवाने गए हुए है। अब तक इस मामले में आवेदन नहीं मिला है। आवेदन के आधार पुलिस जांच और आवश्यक कार्रवाई करेगी।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 21-03-2025 22:10 Page 1



# स्कूल के सुचारू संचालन एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में मुखियों की अहम भूमिका : उपायुक्त

▸ बच्चों को स्कूल लाने के लिए बच्चे एवं उनके अभिभावकों को करें प्रेरित ▸ शिक्षा के लिए स्कूल एवं गांव-गांव में माहौल तैयार करें मुखियागण ▸ 15वें वित्त की राशि से स्कूल में पानी, बिजली एवं रंग-रोगन आदि की व्यवस्था कर पढ़ाई का माहौल बनाएं मुखिया ▸ स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं सीमांकन के लिए संबंधित अंचल अधिकारी को लिखें पत्र, उपायुक्त के स्तर से की जाएगी समीक्षा ▸ जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के स्कूल के सुचारू संचालन में सभी पंचायत के मुखिया का अहम योगदान है। मुखिया अपने क्षेत्र के स्कूलों में भ्रमण करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में महती भूमिका निभाएं। अपने महत्व को समझें व स्कूल एवं गांव-गांव में शिक्षा का माहौल तैयार करें। बच्चों को स्कूल लाने के लिए बच्चे व उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित कराने का संकल्प लें। क्षेत्र में एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहें। इसके लिए सकारात्मक प्रयास के साथ आदर्श पंचायत बनाने का कार्य करें।

उक्त बातें पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे शुक्रवार को स्थानीय टाउन हॉल में झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू की ओर से आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। बच्चों में शिक्षा के लिए उत्सुकता जगाने व उनके बीच छोटी-छोटी गतिविधियों कराकर उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत करने का कार्य करें। शिक्षा ग्रहण कर बच्चें बड़ी उच्चाइयों को छू सकेंगे।

कहा कि मुखिया 15वें वित्त की राशि से स्कूल में पानी, बिजली, रंग-रोगन, स्कूल में फूल-पौधे, किचन गार्डेन आदि मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार कर सकते हैं। कहा कि मुखिया सक्रियता से क्लास रूम की कमियों, स्कूल परिसर की अतिक्रमण, जर्जर भवन व शिक्षा को बढ़ावा देने में आ रही कठिनाईयों व कमियों से अवगत कराएं। इससे उसका निदान कर जिले में शैक्षणिक माहौल तैयार किया जा सके।उन्होंने बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा (वोकेशनल कोर्स) के तहत कृषि, पशुपालन, वैज्ञानिकी एवं अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएं जाने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना की जानकारी दी।

इसके पूर्व उपायुक्त शशि रंजन ने मुखियागणों से द्विपक्षीय संवाद करते हुए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने की दिशा में उनके द्वारा किए गए अबतक के प्रयास, स्कूलों की पर्यवेक्षण/अनुश्रवण, स्कूलों में संसाधन/सुविधा को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास, अभिभावक- शिक्षक मीटिंग में समाज की सहभागिता आदि बिन्दुओं की जानकारी ली। सम्मेलन में मुखियागणों ने स्कूल के उत्थान/विकास में अपनी सहभागिता की जानकारी दी। साथ ही शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में आ रही कठिनाईयों से उपायुक्त को अवगत कराते हुए दूर करने की ठोस पहल करने की मांग की। उपायुक्त ने स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने व सीमांकन के लिए संबंधित अंचल अधिकारी को पत्र लिखें। साथ ही उसकी प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधीक्षक को भेजें। उपायुक्त के स्तर से इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्कूल में अतिरिक्त कमरा एवं जर्जर भवन को ध्वस्त करने की आवश्यकता पर लिखित जानकारी उपलब्ध कराने की बातें कही।

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने विकास कार्यों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम व्यक्ति तक पहुंचाने में मुखिया की भूमिका पर प्रकाश डाला।

***बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर दिलाई शपथ-***

उपायुक्त शशि रंजन ने मुखिया सम्मेलन में उपस्थित मुखिया एवं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं अन्य को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति एवं बाल विवाह रोकथाम पर शपथ दिलाया।

***डिजिटल माध्यम से जुड़े मुखियागण: डॉ. असीम-***

डीपीआरओ डॉ. असीम कुमार ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विभाग मीडिया व डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रशासन व जनता के बीच द्विपक्षीय संवाद करता है। उन्होंने सभी को डिजिटल माध्यम से जुड़ने की अपील करते हुए उपायुक्त पलामू एवं आईपीआरडी के फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब को फॉलो करते हुए सीधा जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन माध्यमों का प्रयोग करने से सही सूचनाएं प्राप्त होती है। साथ ही समस्या का सीधा निदान भी पाया जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उसके क्रियान्वयन में मुखिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग की अपेक्षा जताई।

उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना आदि की जानकारी दी।जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने सभी का स्वागत किया। साथ ही सम्मेलन के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुखिया की भागीदारी से शिक्षा की कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। वहीं बच्चों को स्कूल तक ले जाने में सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि मुखियागण अपने संबंधित क्षेत्रों में लोगों को इस बात से जागरुक करें कि शिक्षा के बिना समाज का उत्थान संभव नहीं है।कार्यक्रम में मुखिया संघ की अध्यक्ष प्रमीला देवी, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित सभी पंचायतों के मुखिया, शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी एवं आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका उपस्थित थे।

# बदमाशों ने अधिवक्ता पुत्र को मारी गोली, मौत

## उचक्कों ने मृतक की पत्नी से चेन छीनने का किया प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में देसरी थाना क्षेत्र के हाजीपुर-जंदाहा मार्ग के उफरौल गांव के पास सुनसान स्थान पर बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने युवक की पत्नी से चेन छीनने का प्रयास किया। वहीं, इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया था। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह महिषौर थाना क्षेत्र के डीह बुचौली गांव निवासी वकील रविभूषण सिंह के पुत्र शशिभूषण सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ हाजीपुर की ओर से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-22 स्थित उफरौल गांव के पास सुनसान स्थान पर पेशाब करने के लिए जैसे ही रुके की पीछे से बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे तथा महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास किया।

चेन छीनने का विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से शशिभूषण सिंह घायल हो गए। महिला के शोर मचाने पर राहगीरों और आसपास के लोग



मौके पर जुट गए। लोगों ने घटना की सूचना देसरी थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद मामले की जांच में जुटी है।

इस संबंध में देसरी थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि उफरौल गांव के पास बदमाशों ने एक युवक को गोली मार कर घायल कर देने की सूचना मिली है।

युवक को कमर के पास गोली लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है। घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही। गोली मारने के कारणों को पता किया जा रहा है।

## गोलियों की आवाज से थर्राया इलाका

**पटना।** एक बार फिर बिहार की राजधानी पटना का गर्दनीबाग इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा है। बताया जा रहा है कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के रोड नम्बर छह में जहां बीते गुरुवार की देर रात वर्चस्व की लड़ाई को लेकर 10 से 12 राउंड अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है।

वहीं, इस फायरिंग की घटना में एक युवक पवन कुमार (44) और एक युवती सिद्धि कुमारी (14) को गोली लगी है। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों घायलों को उनके परिजन और स्थानीय लोगों के द्वारा पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज दोनों का जारी है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची गर्दनीबाग थाने पुलिस के साथ सचिवालय एसडीपीओ-1 घटना स्थल से पांच खोखा साथ ही गोली चलाने वाले युवक शुभम कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, 14 जिंदा कारतूस को बरामद किया है। वहीं, गिरफ्तार युवक से पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही है कि आखिरकार गोलीबारी की घटना को क्यों अंजाम दिया गया है।

# पति-पत्नी के रिश्ते को किया कलंकित

## मामला पहुंचा थाने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार के गया जिले से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां पति अपनी पत्नी से गलत काम कराने के लिए हर रोज प्रताड़ित करता था। लेकिन, पीड़िता ने ग्रामीणों और डायल 112 पुलिस की सहयोग से थाना पहुंची। जहां पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई। यह पूरा मामला गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र से एक महिला थाना लाई गई। जहां महिला ने अपने पति पर गलत काम करवाने के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत की है। महिला की आपबीती सुनने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई।

दरसअल, पूरा मामला यह है कि इमामगंज थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के एक व्यक्ति राणा सिंह ने पीड़ित महिला को झांसा देकर शादी किया और उसके बाद अपने परिवार के सहमति पर कुछ दिनों तक अपने घर पर रखा। उसके बाद महिला के साथ मारपीट और प्रताड़ित करने लगा। हालांकि, बाद में मारपीट करने का मामला स्थानीय थाना में पहुंचा। जहां स्थानीय थाना में दोनों दंपती को समझा गया। उसके बाद घर भेजा दिया गया।

फिर कुछ दिनों के बाद पति के द्वारा फिर से मारपीट करने लगा और अपने घर से निकाल कर किराए के मकान में रख दिया। आरोपी पति ने अपनी पत्नी से गलत धंधा करवाने के लिए दबाव बनाया। गलत काम करने से मना करने पर प्रताड़ित करने लगा। वहीं, पीड़ित महिला ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही है। अब देखने वाली बात ये है कि पीड़िता की इस गुहार पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के महदेवा गांव में पशुपालन विभाग की ओर से निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत मुखिया विभा कुमारी ने की। विभाग के दरभंगा क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ राम शंकर झा, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी दरभंगा डॉक्टर प्रमोद कुमार आर्य, डॉ शशांक शेखर ,प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार, पंचायत मुखिया विभा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम दौरान क्षेत्रीय निर्देशक डॉ राम शंकर झा ने शिविर के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बतलाया। शिविर में लोगो के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर टीबीओ बंधार डा सुधाकर कुमार, टीबीओ बैद्यनाथपुर डा सुनील सिंह, डॉ श्याम किशोर, रमेश कुमार झा,बमबम झा आदि थे।

# जमीनी विवाद में मारपीट, दो घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें गौरा गांव के शिक्षक महेश्वर राम व शत्रुधन विश्वकर्मा घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज को ले दोनों को मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर मारपीट में घायल शिक्षक महेश्वर राम व शत्रुधन विश्वकर्मा ने एक दूसरे के खिलाफ विश्रामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच अपने स्तर से कर रही है।

# डॉक्टर का स्टिकर लगी गाड़ी से भारी मात्रा में शराब बरामद

## एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जहां एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसमें भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। पुलिस को पहले से सूचना मिली थी कि शराब तस्कर जहानाबाद के रास्ते से गुजरने वाले हैं। इसी आधार पर पुलिस ने रात में विभिन्न थाना क्षेत्रों की टीमों को सतर्क कर दिया और तस्करों को ट्रैक करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

तस्कर गाड़ी को अलग-अलग रास्तों से भगाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन इसी क्रम में शकूराबाद थाना क्षेत्र में उनकी गाड़ी पलट गई। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बड़ा नुकसान हुआ होगा। सड़क पर टूटी हुई शराब की बोतलें बिखरी पड़ी थीं। जब पुलिस ने



दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की शराब की कई बोतलें बरामद हुईं।

पुलिस ने इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान पटना निवासी अभय कुमार के रूप में हुई है। उसकी गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। माना जा रहा है कि वह रेकी करते हुए तस्करी की गाड़ी को ले जा रहा था। अब पुलिस उसके साथियों और इस गिरोह के सरगना तक पहुंचने के लिए जांच में जुट गई है।

पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि तस्करों ने अपनी गाड़ी पर डॉक्टर का स्टीकर लगा रखा था, ताकि पुलिस को शक न हो। अब पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि इस गाड़ी का मालिक कौन है और इसमें शामिल अन्य लोग कौन थे।

बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद तस्कर अपने नए-नए तरीकों से शराब की तस्करी करने में जुटे हैं। पुलिस और उत्पाद विभाग की कड़ी निगरानी के बावजूद इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शकूराबाद की यह घटना भी इसी कड़ी का हिस्सा है, जहां तस्करों ने रात का समय चुना, लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण उनका भंडाफोड़ हो गया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गाड़ी में सवार अन्य लोग कौन थे और दुर्घटना के बाद वे कहां भाग निकले। इस मामले में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। इस संबंध में जहानाबाद एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि एक मारुति गाड़ी से शराब जहानाबाद की ओर जा रही है जिसके बाद पुलिस पूरे नाकाबंदी कर उसकी खोज करने लगी चालक में गाड़ी को पलट कर भागने में सफल रहा फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# 365 दिनों में 5400 किमी सड़क बनाने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा में शुक्रवार को राष्ट्रगान को लेकर उत्पन्न गतिरोध, विपक्षी सदस्यों के आसन के सामने शोरशराबे के बीच ग्रामीण कार्य विभाग समेत 11 विभागों का बजट पारित हो गया। सदन को यह भी बताया गया कि 2025-26 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 6 हजार करोड़ की लागत से 2500 बसावटों में तक कुल 5400किमी रोड बनाने की तैयारी है।

इससे पहले, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने सदन को बताया कि बिहार में 2005 के पूर्व ग्रामीण संपर्कता की स्थिति अत्यंत भयावह थी। तत्कालीन सरकार ने कोई काम नहीं किया था। इस कारण ही बिहार आर्थिक पिछड़ेपन का शिकार हुआ।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जहां आठ हजार किलोमीटर (किमी) ग्रामीण सड़कें थी, वर्तमान में एक लाख 17 हजार 913 किमी हो गई है। नीतीश सरकार ने तेजी से ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया। बिहार की सड़कों में 83 प्रतिशत भाग ग्रामीण कार्य विभाग ने बनाया है।

सरकार की ओर से उत्तर देते हुए ग्रामीण कार्य मंत्री ने कहा कि अभी ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत मरम्मत अवधि से बाहर 13 हजार 452 सड़कों जिसकी लंबाई 23 हजार 541 किमी है, इसकी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस मद में 20 हजार 626 करोड़ खर्च होने हैं।

अगले तीन महीने यानी जून तक इन सड़कों को पॉटलेस (गड्ढामुक्त) कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक इसके सरफेस लेयर का काम पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब पीएम ग्रामीण सड़क योजना लागू हुई तो बिहार में आरईओ उसे लागू करने में अक्षम था। इस कारण पीएमजीएसवाई का क्रियान्वयन केंद्रीय एजेंसियों ने किया। ग्रामीण कार्य विभाग का गठन होने के बाद गांवों में तेजी से सड़कों का निर्माण हुआ।

# चोरों ने सरकारी स्कूल को बनाया निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार के गया जिले में इन दिनों बदमाशों ने सरकारी स्कूल को अपना निशाना बनाया है। पहले तो चोरी की, उसके बाद लैब में रखे शैक्षणिक उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मामला पाई बिगहा थाना क्षेत्र में स्थित मध्य विद्यालय पाई बिगहा की है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बेलागंज प्रखंड के मध्य विद्यालय पाई बिगहा में अज्ञात बदमाशों ने विद्यालय के विज्ञान कक्ष का ताला तोड़कर काफी मात्रा में लैब के सामान चोरी कर लिए। लेकिन इसके साथ ही जाते-जाते भारी मात्रा में सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिये। ग्रामीणों का कहना है कि इस विद्यालय में चोरी की यह दूसरी घटना है। इससे पूर्व भी बदमाशों ने विद्यालय के छत पर लगा सोलर प्लांट से सोलर प्लेट की चोरी कर ली थी। घटना के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने पाई बिगहा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि गुरूवार को समय पर विद्यालय बंद कर गया था। शुक्रवार को जब विद्यालय पहुंचा तो विज्ञान कक्ष का ताला टूटा हुआ था। जब कक्ष में अंदर गया तो विज्ञान कक्ष का कई महत्वपूर्ण उपकरण गायब था और कई उपकरणों को बदमाशों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटना की तत्काल सूचना पाई बिगहा थाना की पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंच पाई बिगहा थाना की पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

घटना के संबंध में प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि पूर्व में विद्यालय की स्थिति वीरान थी। विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का जमाबड़ा लगा रहता था। मेरे कार्यकाल में विद्यालय में काफी विकास हुआ है। चारों तरफ चहारदीवारी बन जाने से असामाजिक तत्व के लोगों को विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का प्रवेश बंद हो गया है। इस संबंध में पाई बिगहा थानाध्यक्ष बलिस्टर राम ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सरकारी संपति को क्षति पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## बिजली चोरी के आरोप में 21 लोगों पर प्राथमिकी

**विश्रामपुर (पलामू)** ।पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों व मोहल्लों में बिजली चोरी को ले दो दिनों तक तक लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 21 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो ने शुक्रवार को रेहला थाने में विद्युत चोरी के आरोप में पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। कनीय अभियंता महतो ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय अधिकारियों से मिले निर्देश पर एक टीम गठित कर क्षेत्र में दो दिनों तक छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें 21 लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। इनपर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता महादेव महतो के साथ तकनीकी सहायक प्रमोद वर्मा, विद्युत कर्मी अंकित तिवारी, शैलेन्द्र कुमार चौधरी व संजीत कुमार यादव शामिल थे।

# 25 करोड़ रुपये की लागत से होगा पर्यटन हाट का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास के इंद्रपुरी बराज के पास 25 करोड़ 50 लाख 48 हजार रुपये की लागत से पर्यटन हाट का निर्माण कराया जाएगा। राज्य पर्यटन विकास कारपोरेशन लिमिटेड ने हाट के निर्माण के लिए शुक्रवार को निविदा निकाल दी है। पर्यटन हाट के निर्माण में 18 माह लगेगा। सितंबर 2026 तक हाट का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले में प्रगति यात्रा के दौरान इंद्रपुरी बराज के पास पर्यटन हाट का निर्माण कराने की घोषणा की थी। हाट निर्माण की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके निर्माण के लिए इंद्रपुरी बराज के पास दस एकड़ भूमि भी जलसंसाधन विभाग से मिल चुकी है।

इंद्रपुरी बराज अपने निर्माण काल से ही पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। डेहरी के एनीकट में ब्रिटिश काल में बने बराज में शिल्ट भर जाने के बाद यहां से छह किलोमीटर दक्षिण रोहतास और औरंगाबाद की सीमा पर स्थित इंद्रपुरी में सोन नदी पर 1965 में नया बराज का निर्माण किया गया था।

यहां प्रतिवर्ष जिले के अलावा पड़ोसी जिले औरंगाबाद,झारखंड के पलामू और गढ़वा जिले समेत दूर दराज से हजारों सैलानी बराज का दीदार करने और यहां पिकनिक मनाने आते हैं। हाट के निर्माण से पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होगी।

पर्यटन हाट के निर्माण से जहां एक तरफ स्थानीय किसानों और कैमूर पहाड़ी के वनवासियों को अपना उत्पाद बेचने के लिए एक नया बड़ा बाजार मिलेगा। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोगों को रोजगार का भी अवसर प्राप्त होगा।

इसके निर्माण से भोजपुरी समेत अन्य स्थानीय संस्कृति और लोक कला को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार होने के साथ कलाकारों को अपना हुनर दिखाने के साथ रोजगार भी मिलेगा। मिथिला हाट की तर्ज पर निर्मित होने वाले पर्यटन हाट निश्चित तौर पर पर्यटकों का दिल जीतने में सफल साबित होगा।

# डीएनए प्रिंट ने जोड़े आरा से पूर्णिया के तार

## मामला आरा के तनिष्क शो रूम में लूट का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा के तनिष्क शो रूम में घटी लूट की घटना का तार पूर्णिया तनिष्क शो रूम में हुई लूट की घटना से जुड़ा हुआ है। पूर्णिया के तनिष्क शो रूम में 26 जुलाई 2024 को घटी लूट की घटना में जेल में बंद वैशाली के जिस चंदन प्रिंस नामक अपराधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उसी चंदन प्रिंस ने आरा तनिष्क लूट की घटना को बंगाल के पुरूलिया जेल से अंजाम दिलाया। अब खून के धब्बे ने सारा राज खोल दिया।

पूर्णिया तनिष्क लूट में घटी घटना के दौरान तनिष्क शो रूम का शीशा तोड़ने के दौरान एक अपराधी का हाथ कट गया था और काफी मात्रा में खून गिरा था। पुलिस ने इस खून के नमूने की जांच की और जांच बाद जब इस मामले में पकड़ में आए अपराधियों के खून के नमूने लेकर डीएनए जांच की गयी तो खून लूट की घटना में शामिल अपराधी सरसी के रहने वाले अपराधी सोनू झा का पाया गया है। डीएनए रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो गयी है।

पुलिस जांच में यह सामने आई है कि तनिष्क में घटी लूट की घटना के बाद महाकाली मोर्टर्स के पास अपराधियों द्वारा जिस रिसीवर को लूट का सोना सौंपा गया। उसे लेने जो युवक आया था, वह लूट का सोना लेकर टोटो से अपने रिश्तेदार के यहां आकर रूक गया।

रिसीवर के रिश्तेदार पावर हाऊस में कर्मी थे और वह लूट की रात आराम से अपने रिश्तेदार के यहां रहा तथा दूसरे दिन प्राइवेट बस से लूट का सोना लेकर निर्धारित ठिकाने पर चला गया। पुलिस इस मामले में जैदी , अमन सिंह एवं पुल्लू सिंह के भाई की तलाश कर रही है। ये सभी समस्तीपुर के रहने वाले बताए जाते हैं और तीनों घटना के बाद से फरार हैं।

चंदन प्रिंस आरा में घटी लूट की घटना से लेकर तनिष्क के लूटे गए माल को खपाने वाले अपराधियों से लगातार संपर्क में रहा है। आरा में पुलिस ने तनिष्क लूट की घटना में शामिल जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया उनके द्वारा भी पुलिस के समक्ष इस बात को स्वीकार किया गया कि बंगाल के पुरूलिया जेल में बंद चंदन प्रिंस ने ही उन्हें इस घटना के लिए यहां भेजा था।

आरा में हुई लूट की घटना के बाद जब बिहार पुलिस की सूचना पर बंगाल के पुरूलिया जेल में छापेमारी की गयी तो चंदन प्रिंस के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके माध्यम से इंटरनेट काल के माध्यम से चंदन आरा लूट में शामिल अपराधियों के संपर्क में था। इस मामले में कारा में बंद अपराधी के पास से मोबाइल जब्त मामले को लेकर बंगाल के पुरूलिया थाने में चंदन प्रिंस के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है। वैशाली जिले का रहने वाला चंदन प्रिंस, सुबोध सिंह गिरोह का करीबी माना जाता है। इसी चंदन प्रिंस ने पूर्णिया के तनिष्क लूट की घटना में शामिल अपराधियों के रेकी के दौरान रहने, खाने, पीने सहित अन्य काम के लिए राशि अपने लोगों के माध्यम से भेजी थी।

पूर्णिया तनिष्क लूट की घटना के बाद अपराधियों को दिल्ली भागने के लिए भी इसी चंदन प्रिंस ने पैसे उपलब्ध कराया था। चंदन प्रिंस तनिष्क पूर्णिया लूट मामले में शामिल अपराधियों को हथियार से लेकर हर तरह का संसाधन उपलब्ध कराया था।

# धार्मिक पर्यटन का हब बनी अयोध्या... रामलला को चार माह में दो किलो सोना और 83 किलो चांदी का चढ़ावा





**अयोध्या, एजेंसी।** राम नगरी अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बन चुकी है। रामलला के दरबार में रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन-पूजन को पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु रामलला को भक्तिभाव से निधि भी समर्पित करते हैं। बहुत से श्रद्धालु सोना-चांदी व अन्य धातुओं का भी समर्पण करते हैं। पिछले चार माह (नवंबर से फरवरी) में रामलला को 83.333 किग्रा चांदी व 2.371 किग्रा सोना प्राप्त हो चुका है। महाकुंभ मेले के दौरान दो माह यानी जनवरी व फरवरी में रामलला को 28 किलो ग्राम चांदी व डेढ़ किलो ग्राम सोना दान में प्राप्त हुआ है।

नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट से आए निर्णय के बाद राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। राम मंदिर निर्माण शुरू हुए साढ़े चार साल हो गए हैं। अब तक राम मंदिर का 96 फीसदी काम पूरा भी हो चुका है। रामलला के दरबार में रोजाना लाखों श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु दिल खोलकर रामलला को विभिन्न माध्यमों जैसे नगदी, ऑनलाइन, आरटीजीएस, चेक आदि से दान अर्पित करते हैं। इसके अलावा सोने-चांदी के सिक्के, आभूषण व अन्य धातु भी दान में अर्पित करते है। पिछले चार माह में रामलला को 83.333 किग्रा चांदी व 2.371 किग्रा सोना दान के रूप में प्राप्त हो चुका है। प्रयागराज महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं ने रामलला को दिल खोलकर नगदी व सोना-चांदी का दान अर्पित किया है। जनवरी 2025 में 13.370 किग्रा चांदी व 274 ग्राम सोना दान में मिला है। जबकि फरवरी में 28.170 किग्रा चांदी व 1.274 किग्रा सोना प्राप्त हुआ है। इसे भी गलाने के लिए मिंट हैदराबाद भेजा जाएगा।

### चांदी की 20 ईंटें बनवाई गई

रामलला को पिछले चार सालों में 13 क्विंटल चांदी व 20 किलो सोना मिला है। भारत सरकार की संस्था मिंट (सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) को परीक्षण के लिए 9.44 क्विंटल चांदी दी गई थी। परीक्षण में चांदी की गुणवत्ता 94 फीसदी शुद्ध पाई गई। 9.44 क्विंटल चांदी गलाने के बाद 8.49 क्विंटल चांदी शुद्ध मिली। जिसकी 20 चांदी की ईंटें बनाकर ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। इन ईंटों को ट्रस्ट के लॉकर में सुरक्षित रखवाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में किसानों का धरना समाप्त, भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कह दी बड़ी बात



**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि पंजाब में जिस तरह किसानों को उठाया गया वह गलत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक तरीके से वही किया जो केंद्र सरकार चाहती थी। किसान अपनी बात कह रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

कहा कि किसान कर्ज में जा रहा है, लेकिन कोई किसान की परेशानी नहीं सुनना चाहता। पंजाब में जो हुआ है, उससे केंद्र सरकार को लाभ होगा। भाजपा के लोग खुश होंगे। इससे पंजाब को नुकसान होगा। पंजाब सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए था। सरकार को बातचीत से समाधान निकालना चाहिए था।

**पंजाब के किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू:** भाकियू के मीडिया प्रभारी चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के महावीर चौक स्थित कार्यालय पर सुबह 11 बजे संगठन की महत्वपूर्ण बैठक होगी। दोपहर एक बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर पंजाब के आंदोलित किसानों के समर्थन में मांगपत्र दिया जाएगा।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को सात साल की सजा

**उन्नाव , एजेंसी।** बुआ के यहां रहकर इंटरमीडिएट की परीक्षा देने गई किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय ने सात साल की सजा सुनाई है। उस पर 40 हजार का जुर्माना भी लगाया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि उसकी 17 साल की बेटी को पांच जून 2016 को रिश्तेदार का बेटा अंकित उर्फ छोटू बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 23 अगस्त 2016 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी ने न्यायालय में दिए बयान में अंकित पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। तत्कालीन उपनिरीक्षक रंजीत सिंह भदौरिया ने 15 जुलाई 2016 को आरोपपत्र दाखिल किया था। गुरुवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने दलील व साक्ष्य के आधार पर अंकित को सात साल की सजा सुनाई।

### अनुपस्थित परीक्षकों को जारी किए जाएंगे नोटिस

**अमरोहा , एजेंसी।** उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। चारों केंद्रों पर हो रहे मूल्यांकन से 821 परीक्षक गैरहाजिर रहे। अनुपस्थित परीक्षकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। बृहस्पतिवार को दूसरे दिन 37067 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

यूपी बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद 19 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का दौर शुरू हो गया है। दो अप्रैल तक उत्तर पुस्तिकाओं के जांचने का काम किया जाएगा। इसके बाद जल्द ही परिणाम की घोषणा होगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद परिणाम के इंतजार में परीक्षार्थी छुट्टी बिता रहे हैं। जिले में यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए चार केंद्र बने हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे दिन हाईस्कूल की 17957 और इंटर की 19110 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। दो दिनों में कुल 59311 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। बृहस्पतिवार को भी चारों मूल्यांकन केंद्रों पर 821 परीक्षक ड्यूटी से नदारद रहे। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि ड्यूटी में कोताही बरतने वाले परीक्षकों की सूची मांगी गई है। जिनको अनपुस्थित रहने पर नोटिस जारी किए जाएंगे।

## अब रोबोट से होगी सीवर की सफाई



**रायबरेली, एजेंसी।** मेरठ, गोरखपुर, नोएडा जैसे बड़े शहरों की तरह राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र में भी जल्द रोबोट से सीवर की सफाई होगी। इसके लिए पालिका 45 लाख की लागत से रोबोट खरीदेगा। रोबोट के माध्यम से मैनहोल और सीवर लाइन की सफाई का कार्य शुरू हो सकेगा। इसके बाद सफाई कर्मचारियों को मैनहोल में घुसने से आजादी मिल जाएगी।

इस रोबोट के माध्यम से बिना किसी जोखिम और हादसे के सिर्फ 15 से 20 मिनट में सफाई हो जाएगी। रोबोट का संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी किसी फर्म को दी जाएगी। नगर पालिका परिषद रायबरेली के तहत 34 वार्ड आते हैं। इन वार्डों में करीब ढाई लाख की आबादी रहती है। मौजूदा समय में सीवर की साफ-सफाई ठीक तरीके से नहीं हो पा रही है। इससे सड़कों पर सीवर का पानी भरा रहता है। इससे नागरिकों को परेशानी होती है। खासकर गर्मी के दिनों में सीवर सड़क पर होने से मच्छर फैलते हैं, जिससे शहरवासियों के संक्रामक रोग के चपेट में आने की आशंका रहती है।

**37 कर्मियों के जिम्मे सीवर सफाई का काम:** सीवर सफाई का कार्य 37 कर्मियों के कंधों पर है, जबकि पालिका सीमा में 200 किमी से ज्यादा लंबा सीवेज नेटवर्क है। इसमें 70 साल पुरानी सीवर लाइन चोक हो चुकी है। इनकी सफाई के लिए सफाई कर्मचारी की जगह रोबोट ही अंदर प्रवेश करेगा। जहरीली गैस हो या मैनहोल में कोई पत्थर, रोबोट सभी की सूचना देगा। जल निगम की ओर से नई सीवर लाइन डालने का कार्य भी यहां पर चल रहा है। रोबोट के जरिए सीवर की सफाई बेहतर तरीके से हो सकेगी।

**150 किग्रा गंदगी निकाल देगा रोबोट:** अफसरों के मुताबिक एक कर्मचारी रोबोट को ऑपरेट करेगा। रोबोट मैनहोल पर रखने के बाद काम शुरू हो जाएगा। रोबोट में सेंसर लगे होंगे। इन सेंसर से पता चल जाएगा कि मैनहोल और सीवेज लाइन में कितनी गंदगी है। जहरीली गैस तो नहीं है। एक बार में रोबोट 150 किग्रा गंदगी बाहर निकाल देगा। इसके लिए रोबोट में कई तरह के पाइप लगे होते हैं। ये पाइप मैनहोल और सीवेज लाइन के हिसाब से पाइपों को एडजस्ट भी कर लेंगे।

**भूमिगत नालों की सफाई में मिलेगी मदद:** 50 किग्रा के रोबोट से सबसे ज्यादा मदद भूमिगत नालों की सफाई में मिलेगी।

## कांग्रेस के जिला एवं महानगर अध्यक्ष घोषित; पीडीए को मिली 60 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों की सूची बृहस्पतिवार रात जारी कर दी गई है। लखनऊ में जिलाध्यक्ष बदल दिया गया है, जबकि महानगर अध्यक्षों को दोबारा मौका मिला है। रायबरेली, सुल्तानपुर और अमेठी के जिलाध्यक्ष को भी दोबारा मौका दिया गया है, जबकि शहर अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। अमेठी में अभी शहर अध्यक्ष की घोषणा नहीं की गई है।

अब तक जारी सूची में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को करीब 60 फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। जिन स्थानों पर महानगर अध्यक्ष को लेकर विवाद की नौबत थी, वहां अभी नाम की घोषणा नहीं की गई है। जिलाध्यक्षों में ज्यादातर उन नेताओं को मौका दिया गया है, जो निरंतर पार्टी में सक्रिय रहे हैं। जबकि महानगर अध्यक्ष बनाते समय संबंधित शहर के सियासी समीकरण का ध्यान रखा गया है।

जारी सूची में लखनऊ का जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू को बनाया गया है, जबकि महानगर अध्यक्ष पद पर शहजाद और अमित त्यागी को दोबारा मौका मिला है। इसी तरह बलरामपुर का जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी को बनाया गया है, जबकि अभी शहर अध्यक्ष घोषित नहीं किया गया है। गोंडा का जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी, अयोध्या का जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह, शहर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम और अंबेडकर नगर का जिलाध्यक्ष केके यादव को बनाया गया है। यहां अभी शहर अध्यक्ष की घोषणा नहीं की गई है।



बाराबंकी का जिलाध्यक्ष मो मोहसिन और शहर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सीतापुर का जिलाध्यक्ष ममता वर्मा और शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेयी, सुल्तानपुर का जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राना और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, रायबरेली का जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी और शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव को बनाया गया है। अमेठी का जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को बनया गया है, जबकि शहर अध्यक्ष घोषित नहीं किया गया है।

**महिलाओं को भी मौका-** जिलाध्यक्षों की सूची में महिलाओं को भी मौका दिया गया है। औरैया में सरिता दोहरे, सीतापुर में ममता वर्मा, शामली में शहर अध्यक्ष मुनीश देवी, बिजनौर में जिलाध्यक्ष हैनरीता को बनाया गया है।

## 66 साल का दूल्हा और 57 की दुल्हनियां...वृद्धाश्रम में गूंजी शहनाई, 90 वर्षीय मां की इच्छा की पूरी

**आगरा , एजेंसी।** प्यार की कोई उम्र नहीं होती, यह कहावत एक बार फिर आगरा के रामलाल वृद्धाश्रम में सच साबित हुई। यहां 66 वर्षीय मुन्नालाल और 57 वर्षीय प्रीतिलता ने एक-दूसरे का हाथ थामा और वैवाहिक बंधन में बंध गए। दोनों ने आखिरी सांस तक एक दूसरे के साथ रहने की कसमें खाई।

वृद्धावस्था में अकेलेपन का दर्द सहने वाले मुन्नालाल और प्रीतिलता ने एक-दूसरे का हाथ थामा। इस विवाह से मुन्नालाल के साथ ही वृद्धा आश्रम में रह रहीं उनकी 90 वर्षीय मां की बहू लाने की वर्षों पुरानी हसरत भी पूरी हो गई। बेटे के विवाह को देखकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। विवाह की शुरुआत बुधवार को हल्दी और मेहंदी की रस्मों से हुई, जहां वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों ने उत्साह से भाग लिया। गुरुवार को दूल्हे की बारात निकाली गई, जिसमें बुजुर्ग माता-पिता बाराती बने और जमकर नाचे-गाए।



इस अवसर पर रामलाल आश्रम के अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने दुल्हन प्रीतिलता के पिता की भूमिका निभाई।

**अब अकेलेपन का नहीं रहेगा डर:** आगरा विकास मंच के अध्यक्ष राजकुमार जैन और संयोजक सुनील कुमार जैन ने कहा कि बुजुर्गों के लिए अकेले जीवन बिताना बेहद कठिन हो जाता है। इस विवाह ने समाज को यह संदेश दिया कि हर उम्र में विवाह एक नया सहारा दे सकता है। उन्होंने विधवाओं और अकेले बुजुर्गों के पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाने की बात भी कही। इस अवसर पर महामंत्री सुशील जैन, नंदकिशोर, विनय शर्मा, डा. श्वेतांग प्रकाश, डा. शिवांग प्रकाश मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दलित चेहरे पर दांव लगा सकती है भाजपा, पीडीए फार्मूले को देगी मात

**लखनऊ , एजेंसी।** जिलाध्यक्षों के चयन में विपक्ष के पीडीए फार्मूले के पी यानि पिछड़ों को भरपूर प्रतिनिधित्व देने के बाद भाजपा अब डी यानि दलित का जवाब देने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए पार्टी नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष के चयन में दलित चेहरे पर दांव लगा सकता है। ऐसे कई नामों पर मंथन भी शुरू कर दिया गया है।



भाजपा का मानना है कि जनसंघ से लेकर अब तक प्रदेश में एक बार भी दलित अध्यक्ष नहीं रहा है। इसलिए पार्टी नया प्रयोग कर विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सियासी पिच तैयार करना चाहती है। दरअसल, सभी दलों को लगने लगा है कि पिछड़े व दलित वोटबैंक को साधे बिना प्रदेश की सत्ता पाना आसान नहीं है। ऐसे में सभी दल दोनों समुदायों को साधने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। जिस भाजपा को 2014 के पहले तक अगड़ों की पार्टी कहा जाता था, उसके एजेंडे में भी अब दोनों समुदाय सबसे ऊपर हैं। भाजपा ने हाल में 70 जिलाध्यक्षों के चयन में सामान्य के साथ पिछड़ा वर्ग को भरपूर प्रतिनिधित्व देकर मंशा साफ कर दी है। हालांकि, इनमें दलित समुदाय की भागीदारी कुछ कम रह गई है। इसलिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर दलित चेहरे को बैठाकर संतुलन बनाने का विचार कर रही है।

**दलित चेहरे पर दांव इसलिए...:** सूत्रों के मुताबिक, दलित चेहरे पर दांव लगाने का कारण यह है कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक में दलित चेहरे के तौर पर सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे बंगारू लक्ष्मण को मौका मिला था। इसलिए पार्टी इस बार यूपी में नया प्रयोग कर दलितों में संदेश देना चाहती है कि भाजपा में पिछड़ों के साथ दलितों की बराबर अहमियत है।

**हिंदुत्व समर्थकों को जोड़े रखना जरूरी:** दलितों में खटिक व बाल्मिकी समाज भाजपा का कोर वोटबैंक रहा है। समुदाय की अन्य जातियां बीच-बीच में दूसरे दलों की तरफ जाती रही हैं, लेकिन ये दोनों जातियां भाजपा के साथ खड़ी रहीं। दोनों जातियां हमेशा से हिंदुत्व समर्थक भी रही हैं।

### शादी से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, पांच पर केस

कैलसा (अमरोहा), एजेंसी। शादी समारोह से लौट रहे मुरादाबाद निवासी युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी फायरिंग करते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा क्षेत्र के मौढी तैय्या में सोमपाल सिंह का परिवार रहता है। 21 जनवरी की रात नौ बजे उनके बेटे सुधांशु उर्फ सुबोध दोस्त मनीष कुमार के साथ शाहपुर स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने आया था। पहले से मौजूद बाजिदपुर निवासी पिंकल चौधरी, कैलसा बॉर्डर निवासी अभिसिद्ध, चककाली लेट निवासी सुमित उर्फ गांगुली और दो अज्ञात लोगों ने सुधांशु के साथ मारपीट की। किसी तरह सुधांशु जान बचाकर भागा, लेकिन आरोपी कार पीछा करने लगे और उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सुधांशु बाइक सहित गिर गया। इस पर आरोपियों ने हॉकी और सरिये से उसे पर जानलेवा हमला कर दिया और मृत समझकर फायरिंग करते हुए भाग गए। आरोपियों ने जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। परिजनों ने सुधांशु को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम निधि गुप्ता वत्स से कार्रवाई की मांग की। सीओ अवधवान भदोरिया ने बताया कि मामले में पिंकल चौधरी अभिसिद्ध, सुमित उर्फ गांगुली और उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गंगा की इस सहायक नदी की हालत खराब...

### एनजीटी ने दिखाई सख्ती, एटा-मैनपुरी समेत पांच जिलों के डीएम को नोटिस



**मैनपुरी , एजेंसी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंगा की सहायक ईशन नदी के संरक्षण संबंधी याचिका की सुनवाई करते हुए एटा-मैनपुरी समेत यूपी के पांच जिलों के जिलाधिकारियों से जवाब तलब किया। इनके अलावा प्रमुख सचिव, पर्यवेक्षण, वन व जलवायु परिवर्तन विभाग उप्र व उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

मैनपुरी के अलावा जिन अन्य जिलों के जिलाधिकारियों से जवाब मांगा गया है उनमें कन्नौज, हाथरस, कानपुर देहात शामिल हैं। नदी के संरक्षण संबंधी याचिका अजय प्रताप सिंह बनाम डीएम मैनपुरी के नाम से भी प्रचलित है।

याचिका लगाने वाले अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने न्यायाधिकरण को बताया कि अलीगढ़ गजेटियर रिकॉर्ड के अनुसार, ईशन नदी का उद्गम हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट स्थित झीलों से हुआ है मगर, अतिक्रमण के कारण वर्तमान में रोहतम झील और ईशन नदी का संपर्क टूट गया है। झील पर अतिक्रमण हो गया है। एटा, मैनपुरी में ईशन नदी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में अवैध निर्माण हो गए हैं। मैनपुरी शहर में शहर का प्रमुख नाला नदी में गिर रहा है। ईशन नदी गंगा की सहायक नदी है, जो कि कानपुर देहात में गंगा में मिल जाती है।

### याचिका में ये मांगें रखीं

न्यायाधिकरण से प्रार्थना की कि ईशन नदी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निर्धारण कर अवैध निर्माण हटाया जाए। नदी में गिरने वाले सभी नालों को बंद किया जाए। ईशन नदी के संपूर्ण क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र व रोहतम झील का संरक्षण किया जाए। न्यायाधिकरण ने सुनवाई करते हुए सभी विपक्षीगणों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। सभी विपक्षीगणों को अपना जवाब 17 जुलाई को दाखिल करने आदेश जारी किया।

## सड़कों पर दौड़ रहे अनफिट वाहन, हादसे का खतरा

**अमरोहा , एजेंसी।** जिले की सड़कों पर सात हजार से ज्यादा व्यवसायिक वाहन बिना फिटनेस सड़क पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों का न तो प्रदूषण प्रमाणपत्र है और न इंश्योरेंस। इनमें बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और बस भी शामिल हैं। वहीं, अब परिवहन विभाग अभियान चलाकर कार्रवाई करने का दावा कर रहा है।

एआरटीओ कार्यालय के आकड़ों के मुताबिक, 3.15 लाख वाहन पंजीकृत हैं। इसमें 18 क्रेन, 557 बस और 11767 ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन शामिल हैं। इनमें से सात हजार से ज्यादा वाहन बिना फिटनेस और परमिट के सड़कों पर चल रहे हैं। इन वाहनों में अधिकतर ट्रैक्टर और बसें शामिल हैं। व्यवसायिक वाहन के मालिक फिटनेस का नवीनीकरण कराने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। इन पर विभाग का लाखों रुपये का परमिट का टैक्स भी बकाया है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी मालिक वाहनों की फिटनेस व परमिट नहीं ले रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण का प्रमाणपत्र नहीं होने के कारण यह हवा में जहर भी घोल रहे हैं। जिन वाहनों का नियम विरुद्ध संचालन हो रहा है। इसके अलावा ऑटो, टैंपों, टाटा मैजिक समेत अन्य वाहनों का भी यही हाल हैं। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण का प्रमाणपत्र सभी वाहनों के लिए जरूरी है। नए वाहन के लिए प्रदूषण प्रमाणपत्र की आवश्यकता एक साल तक नहीं होती है। इसके बाद हर छह व एक साल के अंदर जांच कराकर फिर से प्रदूषण नियंत्रण का प्रमाणपत्र लेना होता है।

# नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त पूरे हिन्दुस्तान में नहीं : अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने के विपक्ष के आरोपों के बीच जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त इस पूरे हिन्दुस्तान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने अपने शासनकाल में बिहार की परंपरा और इतिहास के लिए बिहार दिवस का आयोजन किया। 55 सालों तक जिन लोगों ने बिहार पर राज किया उनको कभी इस बात की चिंता नहीं हुई कि बिहार की अस्मिता के लिए बिहार अवतरण दिवस मनाने का काम करें। अशोक चौधरी ने कहा कि जब बंगाल से बिहार अलग हुआ उस तारीख को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न सिर्फ बिहार दिवस मनाया बल्कि बिहार गान और बिहार गीत के जरिए राज्य की भावी पीढ़ी को गौरव का बोध महसूस हो इसके लिए काम किया। वैसे नेता को लेकर इस तरह की बात कहीं से जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के बाद पूरा विपक्ष हताश और निराश है। इसलिए विपक्ष ऐसे मामलों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है जो विधानसभा चुनाव में कोई इश्यू ही नहीं है। नीतीश कुमार चाहे केंद्र में मंत्री रहे हों चाहे बिहार में पिछले 20 साल से मुख्यमंत्री रहे, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने उनकी ईमानदारी या कार्यशैली पर सवाल नहीं उठाया। अब इन लोगों ने राष्ट्रगान को लेकर इस तरह का मुद्दा बनाया है। अशोक चौधरी ने कहा कि जाने अनजाने में इस तरह की कुछ घटनाएं हो जाती हैं। नीतीश कुमार जैसे नेता के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल विपक्ष के लोग कर रहे हैं, यह ठीक नहीं है। जिनके खुद के थाली में 75 छेद हैं, वे ऐसी बातें कर रहे हैं। इनके नेता से लेकर पूरा परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है, ऐसे लोग आज नीतीश कुमार पर टीका टिप्पणी कर रहे हैं। नीतीश कुमार की प्रदेश के प्रति भक्ति पर क्या कोई प्रश्नचिह्न उठा सकता है? यह बिना किसी मुद्दे के इसे मुद्दा बनाकर नीतीश कुमार को नीचे गिराने की विपक्ष की साजिश है। वहीं राबड़ी देवी की इस मांग पर कि नीतीश कुमार की दिमागी हालत ठीक नहीं है तो वह अपने बेटे निशांत को मुख्यमंत्री बना दें। अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा से परिवारवाद के विरोध में बात करते रहे हैं, विरोधी दल के लोग तो चाहते हैं कि इसमें नीतीश कुमार को घेरा जाए। नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत को तय करना है कि वह कब राजनीति में आएंगे। राज्य की सत्ता पर पूरी तरह से नीतीश कुमार की पकड़ है। नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त इस हिन्दुस्तान में नहीं है।



# राष्ट्रगान के अपमान की बात पर गरमायी सियासत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए विपक्ष सदन के अंदर और बाहर हंगामा मचाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। शुक्रवार को इसी मुद्दे को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों को चलने नहीं दिया। दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष खास कर राजद के आरोपों के बाद जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बचाव करते हुए अब लालू यादव और राबड़ी देवी पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि 26 जनवरी 2002 को राष्ट्रगान के समय लालू यादव और राबड़ी देवी अपनी जगह पर बैठे थे। इसे लेकर उनके खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी तरह 15 अगस्त 1997 को लालू यादव ने तिरंगा उल्टा फहरा दिया था। यह भी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान था। उन्होंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें लालू यादव और राबड़ी देवी बैठी हैं। ऐसे में राष्ट्रगान के दौरान सम्मानजनक मुद्रा में खड़े रहना जरूरी है। राष्ट्रगान के दौरान व्यक्ति के अंदर देशभक्ति की भावना होनी चाहिए और व्यक्त भी करनी चाहिए। राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 3 में अपराध तभी माना गया है जब कोई व्यक्ति राष्ट्रगान के वक्त व्यवधान पैदा करे। यानी अगर किसी व्यक्ति द्वारा राष्ट्रगान बजते रहने के दौरान उनके कृत्य से किसी प्रकार का व्यवधान पैदा होता है तो इसे कानून के तहत 3 साल की सजा दिए जाने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान बजाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू होने से पहले ही रुकवा दिया। मुख्यमंत्री ने मंच से इशारे में कहा कि पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। इसके बाद नीतीश कुमार स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। स्टेडियम का चक्कर लगाने के बाद मुख्यमंत्री वापस मंच पर लौटे और दोबारा राष्ट्रगान बजाया गया। इस दौरान भी नीतीश कुमार हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे।

# 49 भूमिहीन परिवारों को मिला आशियाना, चेहरे पर आयी मुस्कान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के हांसडीह में तकरीबन 49 बेघर भूमिहीन परिवारों को आशियाना बनाने का ठिकाना मिल गया है जहां शुक्रवार को सभी बेघर लोगों ने वहां पर जाकर अपना बांस बल्ला गाड़कर अपना आशियाना बनाने की कवायद शुरू कर दिए हैं। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि खाता संख्या 180, खेसरा संख्या 265 के तहत हांसडीह आईटीआई के पास में जमीन आवंटित की गई है। दरअसल बताया जाता है कि भूमिहीनों को बसाने के लिए सरकार ने बसेरा अभियान के तहत सभी भूमिहीनों को बासगित पर्चा दिया था, लेकिन वर्ष 2009 के बाद इन सबों को दखल दहानी नहीं हो पाया था, लगातार लोग आंदोलनरत थे, ऐसे में अब उन सबों को जमीन चिन्हित कर दी गई है। सभी बेघर लोग को आशियाना बनाने के लिए ठिकाना मिल गया है। इसके साथ ही सरकार से मिली हुई जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने, पेयजल के सुविधा की मांग किए हैं। आवास का ठिकाना मिलने पर सभी 49 परिवारों के चेहरे पर मुस्कान छा गई है जिसमें सावित्री देवी, दौलती देवी, लीला देवी, कांति देवी, कंचन देवी समेत परिवार हैं इसके साथ ही भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश कुमार, खेग्रामस के प्रखंड सचिव संजय कुमार, जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, रमेश चौधरी, प्रखंड सचिव राकेश कुमार आदि शामिल रहे हैं।



# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने दिया 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं अन्य उपस्थित गणमान्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। आज के इस समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा वर्ष 2023-24 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 92 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया। समारोह के दौरान समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए 2023-24 का महाप्रबंधक दक्षता शील्ड पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल को प्रदान किया गया जबकि रनर्स अप कप धनबाद मंडल को मिला। पूर्व मध्य रेल में सफाई अभियान के लिए बड़े स्टेशनों की श्रेणी में राजेन्द्रनगर को, मध्यम श्रेणी के स्टेशनों में रक्सौल स्टेशन को तथा छोटे स्टेशनों की श्रेणी में वैशाली स्टेशन को स्वच्छता शील्ड प्रदान किया गया। जनशिकायत निवारण में श्रेष्ठ प्रदर्शन से संबंधित रेल मदद शील्ड समस्तीपुर मंडल को दिया गया। मीडिया से बेहतर समन्वय हेतु समस्तीपुर मंडल को जनसंपर्क शील्ड प्रदान किया गया। समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्ध्यिां हासिल कर चुका है। साथ हीं इसी अवधि में 149 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया गया जो पिछले वर्ष के इसी अवधि से 2.61 प्रतिशत अधिक, अन्य कोचिंग से 247 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जो 2.3 प्रतिशत अधिक, स्क्रैप बिक्री से 258 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जो 22 प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं पांचों मण्डलों से आए अधिकारीकण, महिला कल्याण संगठन की सदस्यायें, पूर्व मध्य रेल के मान्यता प्राप्त यूनियन के अधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे ।




# नीतीश के बचाव में उतरे विजय सिन्हा और विजय चौधरी

## मुख्यमंत्री को राजद जैसे दल से राष्ट्रगान के सम्मान की बातें सीखने की जरूरत नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्र गान का अपमान करने के कथित आरोपों को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सीएम के खास मंत्रियों में से एक विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत की। विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री को राजद जैसे दल से राष्ट्रगान के सम्मान की बातें सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश का राष्ट्रगान के दौरान अचानक से हिलना-डुलना महज एक संयोग था,क्योंकि वे शायद वहां की स्थिति को समझ नहीं सके थे। कई बार ऐसा होता है, लेकिन इसका मतलब राष्ट्रगान का अपमान करना नहीं था। उन्होंने राजद को याद दिलाया कि विधानसभा में ही विपक्ष के सदस्यों ने राष्ट्रगीत बजने के समय खड़ा होना उचित नहीं समझा था। तब राजद ने उन लोगों का बचाव किया था। आज सीएम नीतीश संयोग से कुछ ऐसा कर गए तो हंगामा किया जा रहा है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी जो सीएम नीतीश के बेहद खास माने जाते हैं ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रगान के प्रति सम्मान का भाव हमेशा से नीतीश कुमार में रहा है। इन मामलों में हमलोग उनसे सीखते रहे हैं। इसलिए मुद्दाविहीन विपक्ष अब इसे लेकर हंगामा कर रहा है। उनकी राजनीतिक नैया डूब रही है। इसलिए वे इन मुद्दों पर नीतीश कुमार के खिलाफ हंगामा कर रहे हैं जबकि सीएम नीतीश हमेशा से राष्ट्रीय प्रतीकों का उचित सम्मान करते रहे हैं। राजद द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के बाद जदयू ने जहां सीएम नीतीश का बचाव किया है, वहीं लालू यादव और राबड़ी देवी पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि 26 जनवरी 2002 को राष्ट्रगान के समय लालू यादव और राबड़ी देवी अपनी जगह पर बैठे थे। इसे लेकर उनके खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी तरह 15 अगस्त 1997 को लालू यादव ने तिरंगा उल्टा फहरा दिया था। यह भी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान था। उनहोंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें लालू यादव और राबड़ी देवी बैठे हैं। दरअसल, गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में सीएम के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान बजाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू होने से पहले ही रुकवा दिया। सीएम ने मंच से इशारे में कहा पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। इसके बाद नीतीश कुमार स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। बाद में वे राष्ट्रगान के बजने के दौरान ही कुछ लोगों को अभिवादन करते नजर आए।

# पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे थानेदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थानाध्यक्ष के पद पर पदभार संभालते ही अनिल कुमार पहले ही दिन एक्शन में दिखे। दरअसल शुक्रवार की शाम मसौढ़ी थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला और कुछ ही देर में गश्ती पार्टी के साथ पहले शहर में मसौढ़ी थाना से कर्पूरी चौक तक पैदल मार्च करते हुए कर्पूरी चौक के पास सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया जहां पर कई बाइक के साथ जुर्माना रसीद करते हुए मीडिया के माध्यम से संदेश दिए कि मसौढ़ी में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, हर मोहल्ले में पेट्रोलिंग टाइट की जायेगी। इसके अलावा थाना में पदस्थ सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी पदाधिकारी अपने केसेस को डिस्पोजल पर ध्यान दें वारंटी की धर पकड़ करें।

# जीरो लैब में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने जीरो लैब, उद्योग भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पटना शहर के हर कोने को चमकाना है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता शहर की पहली पहचान है। बाहर से कोई भी व्यक्ति आता है तो वह शहर का आकलन स्वच्छता के आधार पर ही करता है। स्टार्टअप के क्षेत्र में भी स्वच्छता के लिए काम करने वाली इकाइयों के लिए बहुत स्कोप है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना की स्थिति को बेहतर करने के उद्देश्य से हम सबको काम करना चाहिए और जरूर से जरूर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम अभियान में हिस्सा लेना चाहिए। अभियान के दौरान जीरो लैब की लीड दीप्ति आनंद, शिखा सिन्हा, रितेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्टार्टअप उद्यमी मौजूद रहे।

# बी.डी. कॉलेज के एमबीए विभाग में यूनियन बजट 2025-26 पर सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना (पटना पीयू) के एमबीए विभाग में शुक्रवार को यूनियन बजट 2025-26 पर एक क्लासरूम सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का नेतृत्व डॉ. अशोक कुमार साव, समन्वयक, एमबीए एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने किया। कार्यक्रम में बजट के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा हुई और इसके प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सेमिनार की शुरूआत में डॉ. अशोक कुमार साव ने बजट की बुनियादी बातों को स्पष्ट करते हुए इसके विविध आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बजट की जटिलताओं को समझने के लिए एक ठोस आधार प्रदान किया। इसके बाद एमबीए विभाग के प्राध्यापकों - रूपेश, बालकृष्ण, सोहेल, उदय और दीपा कुमारी ने बजट के विभिन्न पक्षों जैसे आर्थिक नीतियों, कर सुधारों और सामाजिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। इन शिक्षकों ने बजट के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत कर छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र मंडल ने भी अपने विचार साझा किए और बजट के संदर्भ में आर्थिक विकास की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर एमबीए के छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बजट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार विस्तार से रखे और इसके विभिन्न पहलुओं पर सवाल उठाए जिससे सेमिनार में एक जीवंत चर्चा का माहौल बना। सेमिनार के समापन पर डॉ. विशाल विजय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और छात्रों के सक्रिय योगदान की सराहना की और इस तरह के आयोजनों के महत्व पर बल दिया। यह सेमिनार न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को समझने का एक व्यावहारिक मंच भी प्रदान किया।




# स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, नरगदा, दानापुर कैंट, पटना में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि एपीसीएल के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विजय प्रकाश ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, धैर्य और टीम भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का समन्वय बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। 21 से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले इस खेल महोत्सव का शुभारंभ चार मशालों के प्रज्वलन के साथ हुआ जिसे विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने मिलकर जलाया। 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, तीन-पैर दौड़, चम्मच-मार्बल दौड़, चॉकलेट दौड़ और एकाग्रता खेल सहित कई प्रतियोगिताओं में छात्रों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। खेल मैदान में रंग-बिरंगे झंडों और छात्रों की उत्साही भागीदारी से माहौल ऊर्जा और उमंग से भर गया। खिलाड़ियों की ऊर्जा बनाए रखने के लिए आयोजन स्थल पर ग्लूकोज पेय की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय परिवार और शिक्षकों के सहयोग से यह आयोजन बेहद सफल रहा। खेलकूद समारोह छात्रों में अनुशासन, खेल भावना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।




# गरमा फसल की तैयारी, 1100 एकड़ बीज वितरण का लक्ष्य

## मूंग, मरुआ, उरद, कौनी, सूर्यमुखी के बीजों का किया जा रहा वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** खरीफ और रबी फसल के बाद अब मसौढ़ी में गरमा फसल लगाने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर सरकारी स्तर से भी तैयारी चल रही है और मसौढ़ी में गरमा फसलों के लिए बीज वितरण शुरू हो गया है। मसौढी प्रखंड में लगभग 1100 एकड़ में गरमा फसल की खेती होती है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्यक्षण योजना में 100% अनुदान किसानों को गरमा फसलों की बीज उपलब्ध कराने के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अभी गरमा मूंग और उड़द दाल के बीज के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है। मक्का, उड़द और मूंग के बीज में 50% तक का अनुदान है। बीज किसानों को मुफ्त में मिलेंगे, लेकिन यह सीमित संख्या में किसानों को दिए जाते हैं जिसमें 88 क्विंटल मूंग, 20 क्विंटल मक्का, 14 क्विंटल उरद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# गोलीबारी में दो को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** थाना क्षेत्र के अचुआरा गांव में शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे आपसी विवाद में एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में दो लोगों को गोली लगने से जख्मी होने की सूचना है। कन्हैया कुमार नामक व्यक्ति को पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से गोलीबारी की घटना हुई है, लेकिन कन्हैया कुमार के पक्ष की तरफ से यह कहा जा रहा है कि इधर से गोलीबारी नही की गई है। कुल 10-15 राउंड फायरिंग की बात की जा रही है। इस घटना में दूसरे पक्ष के पुष्कर कुमार भी घायल हुए हैं। हालांकि पुष्कर को मारने अपने को गोली लगने की बात कही, लेकिन अनुमंडल अस्पताल में जब चिकित्सक ने उसे एक्सरे के लिए कहा गया उसने एक्सरे कराने से इनकार किया। मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और घायलों को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराने के बाद पटना रेफर कर दिया गया है।

# चैती छठ को लेकर एसडीएम ने मणिचक धाम का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ को लेकर विधि व्यवस्था के संधारण की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसे में शुक्रवार को मसौढ़ी एसडीएम अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में मणिचक धाम का निरीक्षण किया गया जहां श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता, बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को जल्द से जल्द आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उनके साथ मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, सिटी मैनेजर, शेखर कुमार प्रसाद, मणीचक धाम प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव नवल भारती, अमीन रामाधार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार ने वरिष्ठ नेताओं से की शिष्टाचार मुलाकात, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार आज प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर वे सबसे पहले एयरपोर्ट से सीधे अपने भूतनाथ स्थित आवास पर पहुंचे। आवास पर पहुंचने के बाद उनकी पत्नी रेखा दास सहित उनके परिजनों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और आरती उतारकर अभिनंदन किया। साथ में उनके चाचा रामनरेश राम और पुत्र सिद्धांत व अभव्य सहित कांग्रेस नेतागण मौजूद रहे। इसके बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से स्वयं उनके आवास पर जाकर मुलाकात का सिलसिला शुरू किया जो देर शाम तक चला जिसमें उन्होंने विधान परिषद में दल के नेता पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता अजीत कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रेमचंद मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात किया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया और मजबूती से बिहार में सांगठनिक कार्यों के लिए उनको समर्थन देने का वादा किया।



CMYK

## संपादकीय

# आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक -चुनाव आयोग के लिए चुनौती

चुनाव आयोग वोटर आईडी कार्ड को आधार से जोड़ना चाहता है और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है फर्जी मतदान को रोकना। मंशा चाहे जितनी भी सही हो, लेकिन इस काम में कानूनी से लेकर राजनीतिक तक, कई चुनौतियां हैं। विवादों के लंबे इतिहास को देखते हुए यह जरूरी हो जाता है कि कोई भी कदम सभी पक्षों को विश्वास में लेकर और जरूरत के हिसाब से उठाया जाए। साल 2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन के बाद आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की अनुमति मिली। चुनाव आयोग ने तब जनता से उनके आधार नंबर मांगते हुए कहा था कि यह स्वैच्छिक है यानी जिसे दोनों डॉक्युमेंट लिंक करने हैं वह करे और जो नहीं चाहता, वह न करे। आयोग के पास 66.23 करोड़ आधार नंबर आ चुके हैं। हालांकि इन्हें अभी तक वोटर आईडी से लिंक नहीं किया गया है। वजह है 2023 में हुआ अदालती केस। सुप्रीम कोर्ट में जब यह मामला पहुंचा, तो यही आरोप लगाया गया था कि आयोग के अनुसार प्रक्रिया स्वैच्छिक है, लेकिन जानकारी जुटाने के लिए जो फॉर्म लागू किया गया, उससे यह बात पता नहीं चलती। यही सवाल अब भी कायम रहेगा। दूसरी बड़ी चिंता है लोगों की प्राइवेसी को लेकर। आज प्राइवेट डेटा लीक सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जब आधार और वोटर आईडी का डेटाबेस मिल जाएगा, तो इसे सिक्योर करने की चुनौती भी ज्यादा बड़ी होगी। ऐसे सॉफ्टवेयर और टूल की जरूरत पड़ेगी, जिससे लोगों के मन में किसी तरह की आशंका न रहे। इस मामले के राजनीतिक पहलू पर नजर डालना भी जरूरी है। हाल में तृणमूल कांग्रेस ने डुप्लिकेट वोटर आईडी का मुद्दा उठाया। इससे पहले भी तमाम प्रमुख दल अपनी चिंता जता चुके हैं। जाहिर तौर पर चुनाव आयोग का मकसद यही है कि डुप्लिकेसी को खत्म किया जाए और हर एक वोट वैध हो। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विदाई भाषण में बायोमीट्रिक पहचान की खासियत पर बात की थी। लेकिन, मसला है कि अभी पूरी प्रक्रिया स्वैच्छिक है। अगर यह आगे भी स्वैच्छिक रहती है तो आयोग को पूरा डेटा कैसे मिलेगा और जब पूरा डेटा ही नहीं होगा तो डुप्लिकेसी को कैसे खत्म किया जाएगा? सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि आधार को किसी भी सरकारी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए साबित करना जरूरी होगा कि यह वाकई जरूरी है और इससे कोई नुकसान नहीं होगा। याद रखना होगा कि यह प्रक्रिया केवल प्रशासनिक नहीं, चुनावी व्यवस्था पर जनता के भरोसे से जुड़ी हुई है।

**प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी।**

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

**(प्रह्लाद सबनानी)**

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है।

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु, आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के पश्चात दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अतः केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं।

आज, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अतः केंद्र सरकार ने



कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा, अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए, सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए डब्ल्यूआईएन नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर अब तक लगभग तीस करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज हो चुकी है। टेली मेडिसिन के माध्यम से तीस करोड़ से अधिक ई-टेली-कन्सल्टेशन से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही, केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं।

जल जनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और अभी तक 15 करोड़ परिवारों (भारत की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या) को इस योजना के अंतर्गत नलों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से भारत में निवासरत नागरिक एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं। अन्यथा, अन्य कई विकसित देशों में आज स्वास्थ्य सेवाएं न केवल अत्यधिक महंगी दरों पर उपलब्ध हो रही हैं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर उपलब्ध होना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। अमेरिका में किसी नागरिक को यदि किसी डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेना हो तो कभी कभी तो एक माह तक इसका इंतजार करना होता है। इमर्जेन्सी की स्थिति में विशेष इमर्जेन्सी अस्पताल में दिखाना होता है, जहां अत्यधिक महंगी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती है। यदि किसी नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है तो सम्भव है कि पूरे जीवन भर की कमाई इन विशेष इमर्जेन्सी अस्पतालों में खर्च हो जाए। अतः स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अमेरिका में आज डॉक्टर को दिखाकर दवाई लेना अति मुश्किल काम है। इन विकसित देशों के विपरीत, भारत में तो किसी भी मोहल्ले में डॉक्टर को बहुत आसानी से दिखाया जा सकता है एवं तुरंत दवाई ली जा सकती है। आज अमेरिका में स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वहां के नागरिक बीमार होने की स्थिति में, स्थानीय डॉक्टर से चूंकि तुरंत समय नहीं मिल पाता है अतः, ये बीमार नागरिक आस पास के देशों में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में बिना मेडिकल बीमा के आप इन देशों में जिंदा नहीं रह सकते। अब आप कल्पना करें कि भारत में इलाज कराना कितना आसान है एवं वास्तव में ही इस दृष्टि से हम भारत में एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं।

कुल मिलाकर, देश में उत्तम स्थिति तो यह होनी चाहिए कि देश के नागरिक बीमार ही नहीं पड़ें, यह तभी सम्भव है जब देश के नागरिक अपनी सनातन संस्कृति के संस्कारों का नियमित रूप से अनुपालन पुनः प्रारम्भ करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो केंद्र एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इसी प्रकार अपने बजट में बहुत बड़ी राशि का प्रावधान करते रहना पड़ेगा।
(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक हैं)

# न्यूजीलैंड से बढ़ती नजदीकी के मायने

**(विवेक काटजू, पूर्व राजनयिक)**


उभर रही नई विश्व व्यवस्था में भारत और न्यूजीलैंड का एक-दूसरे के करीब आना खासा उल्लेखनीय है। सोमवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के शासनाध्यक्षों की मुलाकात और रक्षा, खाद्य-प्रसंस्करण, दवा, अक्षय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग बढ़ाने के समझौते संकेत हैं कि दोनों मुल्क विभिन्न अहम क्षेत्रों में संबंधों को नई ऊंचाई देने को उत्सुक हैं। यह अनायास नहीं है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 20 मार्च तक भारत में हैं और उनका यह दौरा कितना अहम है, यह इसी से पता चलता है कि नई दिल्ली व वेलिंगटन के बीच संबंध भले सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं, लेकिन उनमें विशेष घनिष्ठता कभी नहीं रही।

शीत युद्ध के दौरान भी जहां न्यूजीलैंड अमेरिकी खेमे का हिस्सा था, भारत गुट-निरपेक्षता की राह चल रहा था। न्यूजीलैंड चूंकि प्रशांत महासागर में स्थित है, इसलिए उसका ध्यान श्वेत देशों या फिर महासागरीय द्वीपों के साथ संबंधों की बेहतरी पर रहा है। भारत ने भी राजनीतिक व राजनयिक नजरिये से न्यूजीलैंड में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई थी। मगर बदले वैश्विक हालात ने दोनों को नजदीक ला दिया है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्रिस्टोफर लक्सन को द्विपक्षीय दौरे का निमंत्रण देना राजनयिक दृष्टि से काफी सराहा गया है।

17 मार्च को लक्सन व मोदी की द्विपक्षीय बातचीत हुई और बाद में लक्सन ने 'रायसीना डॉयलॉग' का उद्घाटन भी किया। यहां अपने भाषण में उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनीतिक बातचीत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रक्षा संस्थानों के संबंध घनिष्ठ होने चाहिए और आर्थिक व कारोबारी रिश्ते को भी कहीं अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए। अपने भाषण में उन्होंने न्यूजीलैंड में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों की भी प्रशंसा की और कहा कि वे न्यूजीलैंड की आबादी के छह प्रतिशत हैं एवं वहां के कई क्षेत्रों में अपनी अहम भागीदारी निभा रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि इससे एक दिन पहले ही दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों राष्ट्रों ने 1.7 अरब डॉलर का कारोबार किया है।

लक्सन के इस दौरे को राजनयिक और सामरिक, दोनों पहलुओं से देखना चाहिए। दोनों नेताओं की बातचीत के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उसमें यह स्पष्ट है कि भारत और न्यूजीलैंड अपने राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संबंध पहले से अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड का एक मकसद अधिक से अधिक भारतीय छात्रों को अपने शैक्षणिक संस्थानों से जोड़ना भी है। ऐसे में, आने वाले दिनों में नजर इस बात पर बनी रहेगी कि दोनों प्रधानमंत्रियों की इन इच्छाओं को दोनों देशों के नौकरशाह और उद्योगपति कितना आगे बढ़ा पाते हैं? व्यापार क्षेत्र पर भी विशेष नजर होगी, क्योंकि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की बात कह रहे हैं।

इस द्विपक्षीय संबंध का बड़ा असर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर पड़ सकता है। न्यूजीलैंड अमेरिका का मित्र देश है, लेकिन वह 'क्वाड' (जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका



का समूह) का हिस्सा नहीं है। असल में, वह हमेशा महाशक्ति देश के साये तले ही रहा है, जिसका असर भारत-न्यूजीलैंड रिश्ते पर भी पड़ा है। अब लक्सन चाहते हैं कि वह अपने देश की वैश्विक भूमिका बढ़ाएं। सामरिक मामलों को लेकर उनका यही मत है कि भारत व न्यूजीलैंड को अपने रिश्ते रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने चाहिए और दोनों देश के बीच, खासतौर से नौसेना में सहयोग बढ़ना चाहिए। न मोदी और न ही लक्सन ने चीन का जिक्र किया, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है, और जिस तरह क्वाड के देश बीजिंग के बढ़ते प्रभाव से चिंतित हैं, न्यूजीलैंड की पेशानी पर भी बल होंगे। इसीलिए, संयुक्त बयान में जोर देकर यह दोहराया गया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को समग्रता में खुला रखना चाहिए और किसी देश को यह हक नहीं कि वह इसका स्वरूप बदलने की कोशिश करे।

हालांकि, यह कहना तो आसान है, पर चीन का बढ़ता दखल कोई छिपा रहस्य नहीं है। लिहाजा, वे तमाम देश, जो हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती गतिविधियों से चिंतित हैं, उनको यह मानना ही होगा कि इस पूरे क्षेत्र में बीजिंग का दबाव बढ़ रहा है।

# बेहतरी की ओर बढ़ रहे भारत-चीन संबंध

**भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूज़वीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृत?य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है।

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी



तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी चीन और भारत के रिश्ते बेहतर बनाने की दिशा में पहला कदम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूसी शहर कजान में पिछले साल की मुलाकात के बाद भारत और चीन के रिश्ते लगातार बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी भारत को लेकर अपनी बेहतर राय जाहिर की थी। जिसका भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया था। इस कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की ताजा टिप्पणी ने एक तरह से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को बेहतरी की ओर तेजी से बढ़ा दिया है। मोदी ने भारत- चीन के आपसी और गहरे रिश्तों और ऐतिहासिक संबंधों की भी इस पाडकास्ट में चर्चा की। वैसे चीन और भारत के रिश्तों की एक बड़ी और ऐतिहासिक कड़ी महात्मा गौतम बुद्ध हैं। यह ऐसी कड़ी है, जिसकी बुनियाद पर दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाया जा सकता है।

भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में नई दिल्ली यह समझाने की कोशिश करती रही है कि जब तक दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद और उससे उपजा तनाव खत्म नहीं हो जाता, तब तक संबंध बेहतर नहीं हो सकते हैं। लेकिन चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पिछले दिनों जब कहा कि एशिया की दोनों आर्थिक महाशक्तियों को अपने विवाद भुलाकर साथ आना चाहिए, तब से हालात बदलने लगे हैं। वैसे भी जिस तरह ट्रंप लगातार चीन को घेरने की कोशिश कर रहे हैं और आयात पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं, उससे चीन ही नहीं भारत को परेशान कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार चीन और भारत से आयातित होने वाली चीजों पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इसका निश्चित तौर पर दोनों देशों की आर्थिकी पर असर पड़ सकता है। अगर दोनों देश कम से कम आर्थिक मोर्चे पर साथ आने को तैयार दिखें तो अमेरिका की धमकियां और उसके कदम बेअसर साबित हो सकते हैं। वैसे दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते जिस तरह बढ़ते रहे हैं, दोनों के बीच जारी सीमाई तनाव के बावजूद आपसी व्यापारिक संबंध मजबूत बने हुए हैं, वह बेहतर होते रिश्तों की ही कहानी कह रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर है कि दोनों देशों के बीच सद्भावना की नई इबारत लिखी जा रही है। अगर यह स्थिति और बेहतर होती है ति निश्चित है कि भारत में और अधिक चीनी निवेश का रास्ता खुल सकता है । जिसका फायदा भारत को तो मिलेगा ही, चीन को भी होगा। वैसे शंघाई सहयोग संगठन के साथ ही एशियाई विकास बैंक और ब्रिक्स जैसे संगठनों में नई दिल्ली और बीजिंग साथ-साथ काम कर ही रहे हैं। भारत आतंकवाद का मुकाबला करता रहा है, वह आतंकवाद का विरोधी भी है, लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवादी वैचारिकी को बढ़ावा देने का वह विरोधी रही है। इस मामले में चीन की भी सोच कमोबेश वैसी ही है। इसलिए माना जा सकता है कि दोनों देश इन तथ्यों के आलोक में अपने रिश्तों को देखने लगे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इसी सोच का परिणाम नजर आती है। पश्चिमी दुनिया के दिग्गज भी मानते हैं कि दोनों एशियाई दिग्गज देशों चीन और भारत के बीच स्थायी शांति के परिणाम दूरगामी होंगे। इससे कुछ हद तक वाशिंगटन चिंतित हो सकता है। लेकिन हाल के दिनों में भारत ने अमेरिका को लेकर जो संतुलित नीति अख्तियार की है, उससे उम्मीद है कि वाशिंगटन इस नई पहल की राह में बड़ी बाधा नहीं बन सकता। दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारनी है, गरीबी का समूल नाश करना है और शांति और स्थायीत्व की दिशा में आगे बढ़ना है तो तय है कि दोनों देश विवादित मुद्दों को परे रखते हुए अपने आर्थिक और ऐतिहासिक रिश्तों को बेहतर बनाते हुए आगे बढ़ाते रहें। इससे एशिया की दुनिया और खूबसूरत हो सकती है।

# तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नए कानून के लागू होने के बाद तेल और गैस कंपनियों को अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर का सामना नहीं करना पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना कठिन हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य



मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं।

2022 में लगाया गया था अप्रत्याशित लाभ कर भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं। ब्राजील की पेट्रोब्रास अंडमान बेसिन की खोज के लिए ऑयल इंडियाके साथ बातचीत कर रही है।

# ग्लोबल फर्म ने मणप्पुरम फाइनेंस में खरीदी हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल प्राइवेट इन्वेस्टमेंट फर्म बेन कैपिटल ने केरल की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस में 18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। यह डील 4,385 करोड़ रुपये में हुई है। बेन कैपिटल ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने अपने सहयोगियों बीसी एशिया इन्वेस्टमेंट्स




एक्सएक्सवी लिमिटेड और बीसी एशिया इन्वेस्टमेंट्स एक्सआइवी लिमिटेड के माध्यम से यह डील की है। बता दें कि बेन कैपिटल 236 प्रति शेयर के हिसाब से मणप्पुरम फाइनेंस में निवेश करेगी, जो पिछले छह महीनों के औसत ट्रेडिंग प्राइस से 30 प्रतिशत ज्यादा है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड फाइनेंसर ने कहा कि मौजूदा प्रमोटर पूरी तरह से निवेशित रहना जारी रखेंगे। कंपनी के मौजूदा प्रमोटर नंदकुमार वी पी, सुषमा नंदकुमार, ज्योति प्रसन्नन, सुहास नंदन, सोराज नंदन, डॉ सुमिता नंदन और शेली एकलवियन हैं।

### शेयर का हाल

मणप्पुरम फाइनेंस के शेयर की बात करें तो 217.50 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.66 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।

**सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली तेल के दाम में**

# तेजी से महंगाई भड़कने के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीनों में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद महंगे खाद्य तेलों से राहत नहीं मिल पा रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख खाद्य तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। सबसे अधिक तेजी सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली के तेल में देखी गई है। इसी तरह से डेयरी प्रोडक्ट की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसी स्थिति में भविष्य में महंगाई दर में उछाल देखने को मिल सकता है।

मार्च के लिए जारी आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि बीते एक वर्ष में खाद्य मूल्य सूचकांक में 7.1 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। इसके उलट खाद्य तेल से जुड़ा प्राइस इंडेक्स एक वर्ष में 112 से बढ़कर 156 पर पहुंच गया है। जबकि डेयरी उत्पाद के मूल्य से जुड़ा सूचकांक भी 122 से बढ़कर 148 तक पहुंच गया है। आकंड़ों से पता चलता है कि खाद्य तेल और डेयरी



उत्पादों की कीमतों में हर महीने इजाफा हो रहा है।

**जेब पर बोझ बढ़ेगा-** सब्जियों की कीमतो में जरूर उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिस कारण बीते कुछ महीनों के दौरान खुदरा महंगाई में गिरावट देखने को मिली। औसत खाद्य सूचकांक की तुलना में खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों की कीमतों में कहीं ज्यादा बढ़ोतरी से साफ है कि लोगों की जेब पर बोझ बढ़ रहा है, जो भविष्य के लिहाज से भी चिंताजनक है।

### इन सब्जियों में नरमी नहीं

थाली में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली सब्जियों की कीमतों में फसली सीजन में भी बड़ी कमी नहीं आई है। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें मार्च 2023 की तुलना में करीब दो गुना अधिक रही हैं। जबकि मार्च 2024 की तुलना में देखा जाए तब भी कीमतों में तेजी देखने को मिली है। दो वर्ष पहले मार्च के महीने में टमाटर का औसत मूल्य 10 रुपये प्रतिकिलोग्राम के आसपास था लेकिन इस बार औसत मूल्य 19.2 रुपये के आसपास रहा है।

# टाटा की कंपनी ने दिया एचसीसी को बड़ा ऑर्डर, 24 शेयर की कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार में तूफानी तेजी के बीच कुछ कंपनियों के शेयर बिकवाली मोड में नजर आए। ऐसा ही शेयर- हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) का है। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को इस कंपनी के शेयर 2.23 प्रतिशत टूटकर 24.60 रुपये पर बंद हुए। शेयर में सुस्ती के बीच कंपनी को लेकर एक बड़ी खबर आई है। शेयर के 52 हफ्ते का लो 21.98 रुपये है। शेयर को यह भाव मार्च 2025 में था। जुलाई 2024 में यह शेयर 57.46 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।




**टाटा पावर से मिला ठेका**-दरअसल, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने 50:50 के ज्वाइंट वेंचर के तहत महाराष्ट्र में 2470 करोड़ रुपये की पंप भंडारण परियोजना का ठेका हासिल किया है। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि इस परियोजना का ठेका टाटा पावर कंपनी से मिला है। 2,470 करोड़ रुपये का यह ऑर्डर महाराष्ट्र के कर्जत में स्थित 1,000 मेगावाट क्षमता की भीवपुरी ऑफ-स्ट्रीम ओपन लूप पंप भंडारण परियोजना (पीएसपी) के निर्माण के लिए है। ज्वाइंट वेंचर को परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य और अन्य सब्सिडरी कार्य करने होंगे।

# जनवरी में ईपीएफओ से जुड़े 17.89 लाख सदस्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ से जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जुड़े हैं। गुरुवार को ईपीएफओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सालाना आधार पर जनवरी में कुल सदस्यों की संख्या में 11.48 फीसदी वृद्धि हुई है। जुड़ने वाले कुल सदस्यों में से 8.23 लाख पहली बार ईपीएफओ के सदस्य बने हैं। इनकी संख्या में भी जनवरी 2024 के मुकाबले बीते महीने 1.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।




**18-25 वर्ष के कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि-** आंकड़ों से पता चला है कि 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है, यानी पहली बार नौकरी पाने वाले सदस्यों की संख्या काफी अधिक रही है। जनवरी में 4.70 लाख युवा पहली बार नौकरी में आए, जिनकी संख्या में 57.07 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 18-25 आयु वर्ग के बीच शुद्ध पेरोल को जोड़ा जाए तो यह संख्या 7.27 लाख है, जो दिसंबर 2024 की तुलना में 6.19 फीसदी और जनवरी 2024 की तुलना में 8.15 फीसदी अधिक है।

**2.17 लाख महिलाएं भी बनी सदस्य-** जनवरी में 2.17 लाख महिलाओं ने भी नौकरी शुरू की है, जो ईपीएफओ से जुड़ी हैं।

### नेट पेरोल क्या है

नेट पेरोल में उन कर्मचारियों को भी शामिल किया जाता है, जिन्होंने एक बार नौकरी शुरू की और बाद में नौकरी छोड़कर कुछ समय के बाद या बदलकर नई नौकरी शुरू की गई। एक्सपोर्ट सर्विस, रोड मोटर्स व ट्रांसपोर्ट, बीड़ी निर्माण, निर्माण और फल-सब्जी प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगों में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

**300 रुपये गिरकर 91650 प्रति 10 ग्राम रहा पीली धातु का भाव**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच लगातार तीन दिन से तेजी पकड़ रही सोने-चांदी की कीमतों में कमी आई। गुरुवार को सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 91950 रुपये था। 700 रुपये की तेजी के साथ सोने का भाव अपने सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया था। 99.5 प्रतिशत सोना भी गुरुवार को 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। जोकि बुधवार को 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**चांदी कीमतों में भी गिरावट-** चांदी की कीमत भी गुरुवार को 1500 रुपये गिरावट के साथ 1, 02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बुधवार को चांदी की कीमत 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं वैश्विक बाजारों में गुरुवार को हाजिर सोना 0.47



फीसदी की गिरावट के साथ 3,033.35 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 0.11 फीसदी फिसलकर 3,038 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले दिनों में इसने 3,065.09 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर को छुआ। इसके अलावा कॉमेक्स गोल्ड वायदा रिकॉर्ड 3,065.2 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। पिछले तीन दिन में सोना 2,500 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। जबकि चांदी 2,300 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर अपने नए शिखर पर पहुंच गई थी।

कोटक सिक्योरिटीज ने कहा कि कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब स्थिर हैं क्योंकि यह भू-राजनीतिक तनावों के बीच मजबूत सुरक्षित-हेवन मांग द्वारा समर्थित है। वैश्विक व्यापार विवादों पर लगातार चिंताओं ने बाजार में अस्थिरता में योगदान दिया है। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने बताया कि बाजार प्रतिभागी श्रम बाजार की ताकत का आकलन करने के लिए गुरुवार को बाद में जारी होने वाले अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों पर बारीकी से नजर रखेंगे। निवेशक वाशिंगटन में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस से भी जानकारी लेंगे, यह देखने के लिए कि नीति निर्माता ट्रंप की नीतियों को कैसे ध्यान में रख रहे हैं और आर्थिक स्थिति खराब होने पर वे कैसे प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

**पहले बिड़ला, अब अडानी...**

# सीमेंट के बाद एक और सेक्टर में होगा आमना-सामना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीमेंट सेक्टर के बाद केबल एंड वायर के कारोबार में भी दो बड़े कारोबारी समूह की भिड़ंत होने वाली है। ये दो कारोबारी अडानी और आदित्य बिड़ला समूह हैं। इन दोनों कारोबारी समूह ने केबल एंड वायर समूह में एंट्री का ऐलान किया है। बीते दिनों आदित्य बिड़ला समूह के बाद अब अडानी समूह ने इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संयुक्त उद्यम शुरू किया है।

### क्या है कंपनी का नाम

दरअसल, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कच्छ कॉपर लिमिटेड (केसीएल) ने प्रणीता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में प्रणीता इकोकेबल्स लिमिटेड (पीईएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाई है। प्रणीता इकोकेबल्स मेटल उत्पादों, केबल और वायर के निर्माण, विपणन, वितरण, खरीद और बिक्री पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह कंपनी अहमदाबाद, भारत में रजिस्टर्ड है और अभी तक इसका व्यवसाय संचालन शुरू नहीं हुआ



है। इससे पहले अडानी समूह ने सीमेंट और कॉपर कारोबार में प्रवेश किया था, जिसमें बिड़ला समूह अग्रणी है।

**अल्ट्राटेक सीमेंट की एंट्री-** पिछले महीने, आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने भी इस क्षेत्र में एंट्री का ऐलान किया था। इस कंपनी ने अगले दो वर्षों में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। बता दें कि अल्ट्राटेक सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है। वहीं, सीमेंट कारोबार में अडानी समूह का भी दबदबा है। अडानी समूह की सीमेंट कंपनियां- अंबुजा सीमेंट्स, सांघी, एसीसी हैं।

**इन कंपनियों की बढ़ेगी टेंशन-** जानकार मानते हैं कि असंगठित और छोटे कारोबारियों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में दो बड़ी कंपनियों के अचानक प्रवेश से उथल-पुथल मच सकती है। इस उद्योग में लगभग 400 कंपनियां हैं, जिनमें एसएमई से लेकर बड़े उद्यम शामिल हैं। इनका राजस्व 500 मिलियन रुपये से 4 बिलियन रुपये के बीच है।

### भारी डिमांड वाला है सेक्टर

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड, वेल्थ मैनेजमेंट, सिद्धार्थ खेमका के अनुसार मजबूत घरेलू मांग और वैश्विक अवसरों के विस्तार के कारण केबल एंड वायर सेक्टर लगातार फल-फूल रहा है। इस तरह के उत्पादों की घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिसे तेजी से विद्युतीकरण, इंफ्रा डेवलपमेंट के अलावा पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन (टी एंड डी), रियल एस्टेट और परिवहन जैसे क्षेत्रों में वृद्धि से बढ़ावा मिला है। इस मांग से वित्त वर्ष 24 से वित्त वर्ष 27 तक घरेलू बाजार में 11-13त्न सीएजीआर बढ़ने का अनुमान है।

### हिंडाल्को के बड़े निवेश का ऐलान

इस बीच, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमारमंगलम बिड़ला ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज भविष्य में अपने एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उन्होंने इस निवेश की कोई समयसीमा न बताते हुए कहा कि एल्युमिनियम, तांबा और एल्युमिना सौर मॉड्यूल और बैटरी भंडारण के अभिन्न अंग हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 150 मेगावाट जोड़कर कुल उत्पादन क्षमता को 350 मेगावाट तक ले जा रही है। बिड़ला ने कहा कि कंपनी बिजलीचालित परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, सेमीकंडक्टर और उच्च क्षमता के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाधानों पर काम कर रही है।

# टेलीकॉम: देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

**हर माह औसतन 40 जीबी डाटा इस्तेमाल कर रहे लोग**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में अगले तीन साल में यानी 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई।रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई।

**इसलिएबढ़ रही डाटा खपत-** रिपोर्ट के मुताबिक, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और




व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

**बदले जाने वाले 90 फीसदी फोन 5जी होंगे-** भारत में 5जी उपकरण परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।सक्रिय 5जी उपकरणों की संख्या दोगुनी होकर 2024 में 27.1 करोड़ तक पहुंच गई। 2025 में जितने पुराने स्मार्टफोन बदले जाएंगे, उनमें 90 फीसदी 5जी होंगी। 5जी एडवांस्ड की क्षमताएं 6जी में बदलाव के लिए आधार का काम करेंगी।

### 4जी डाटा की खपत में लगातार गिरावट

देशभर में 2026 की पहली तिमाही तक 4जी की तुलना में 5जी डाटा की मासिक खपत अधिक होगी। इस वृद्धि का नेतृत्व कैटेगरी बी और सी सर्किल्स कर रहे हैं। इन सर्किल्स में खपत क्रमश: 3.4 गुना और 3.2 गुना बढ़ी है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डाटा उपयोग अब कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डाटा का 43 फीसदी है, जो 2023 में 20 फीसदी था। 4जी डाटा का इस्तेमाल लगातार घट रहा है।ओला इलेक्ट्रिक के बिक्री आंकड़ों व वास्तविक वाहन पंजीकरण में मिला अंतर, अब होगी जांच नई दिल्ली।सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक की ओर से दिए गए बिक्री के आंकड़ों और वास्तविक वाहन पंजीकरण के बीच के अंतर पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ जांच का निर्देश दिया है।

# आर्थिक विकास को गति देने के लिए अंतरिक्ष तकनीक का व्यावसायिक प्रयोग बढ़ाना जरूरी, बोले पूर्व इसरो चीफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव के मुहाने पर है लेकिन आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक प्रयोगों को बढ़ाने की जरूरत है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने गुरुवार को यह बात कही। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए आवश्यक बदलाव पर प्रकाश डाला। सोमनाथ ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी इसका अभियान मुख्य रूप से सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित रहा है। उन्होंने कहा,



अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक और सरकारी कार्यक्रमों पर केंद्रित रहा है। अब इसे वाणिज्यिक क्षेत्र में लाना और इसका मुद्रीकरण करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत में अंतरिक्ष अनुप्रयोगों की पहुंच सीमित है और संभावित बाजार का केवल 10 प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा, भारत 145 करोड़ लोगों वाला एक विशाल देश है, लेकिन एप्लीकेशन की पहुंच बहुत कम है। हम केवल सीमित डोमेन में ही सेवा दे रहे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को व्यवहार्य व्यावसायिक अवसरों में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व इसरो प्रमुख ने मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों का उदाहरण दिया, जहां उपग्रह डेटा पारंपरिक तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 21-03-2025 21:46 Page 1



# गिरफ्तार इंजीनियर के घर को खंगाल रही सीबीआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने एक दिन पहले 40 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार गैरिसन इंजीनियर साहिल रातुसरिया के आवास की तलाशी जारी रखी है। अब तक की तलाशी में इंजीनियर के नामकुम स्थित आवास से 80 लाख रुपये नकद मिले हैं।

वहीं, उसके आवास से एक करोड़ रुपये मूल्य के शेयर, 60 से 70 लाख रुपये के जेवरात व रुपयों के लेन-देन से संबंधित डायरी व कागजात भी मिले हैं। साहिल रातुसरिया भारतीय सुरक्षा अभियंता सेवा के तहत 2013-14 में इंजीनियर बना था। उसका मासिक वेतन वर्तमान में 90 हजार रुपये है।

सीबीआइ ने उसकी आय और संपत्ति के स्रोत की जानकारी मांगी तो वह नहीं दे पाया। अब सीबीआइ उसकी कुंडली खंगाल रही है। साहिल रातुसरिया सोमवार तक सीबीआइ की रिमांड पर है।

गैरिसन इंजीनियर साहिल रातुसरिया ठेकेदारों से डेढ़ से तीन प्रतिशत तक की राशि कमीशन में वसूलता था। उसने सिविल कार्य करने वाले एक ठेकेदार के करीब 27 लाख रुपये के बिल भुगतान के एवज में 54 हजार रुपये की मांग की थी।

इसके बाद ठेकेदार के आग्रह पर आरोपित ने 1.5 प्रतिशत की दर से कुल 40 हजार 500 रुपये कमीशन के रूप में रिश्वत लेने पर सहमति जताई थी। शिकायत के बाद सीबीआइ ने जाल बिछाकर आरोपित को घूस की राशि लेते हुए बुधवार को रंगे हाथ पकड़ा था।

इसके बाद से ही सीबीआइ पूरे मामले की जांच कर रही है। सीबीआइ को आशंका है कि कमीशन के खेल में केवल साहिल रातुसरिया ही नहीं, बल्कि कई लोग शामिल हैं। यह एक संगठित गिरोह भी हो सकता है, जिसमें उसके कई सहयोगी साथी शामिल हो सकते हैं। सबकी भूमिका की जांच चल रही है।

सीबीआइ ने आम जनता से अपील की है कि वे भ्रष्टाचार की सूचना सीबीआइ को दें। केंद्र सरकार के कार्यालयों, रेलवे, पोस्ट आफिस, जीएसटी, आयकर विभाग, आदि तथा उपक्रमों जैसे बैंक, जीवन बीमा कंपनी एलआइसी, सीसीएल, सीएमपीडीआइ, मेकान, एचइसी, सेल आदि के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के माध्यम से रिश्वत मांगे जाने पर इसकी शिकायत सीबीआइ रांची से करें। इसके लिए सीबीआइ ने मोबाइल व वाट्सएप नंबर 9470590422 व लैंड लाइन नंबर 0651-2360093 तथा ईमेल आइडी एचओबीएसीआरएनसी एट द रेट सीबीआइ डाट जीओवी डाट इन जारी किया गया है।

मामला मुख्यमंत्री मंईयां योजना का

# महिलाओं के आरोप से अधिकारी भी हैरान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनियाडीह (गिरिडीह)।** गिरिडीह कोयलांचल समेत प्रखंड के विभिन्न गांवों में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की तीसरी किश्त की राशि नहीं मिलने से महिलाएं काफी परेशान हैं। पैसा लेने के लिए महिलाएं दिन भर बैंकों और प्रज्ञा केंद्रों में जमीं रहती है।बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजन की तीसरी किस्त जारी करने में बाद महिलाओं में खलबली मच गई है।

जिनके खाते में पैसा आ गई वे महिलाएं गदगद है। जिन्हें पैसा खाते नहीं आया वैसी महिलाएं में मायूस होकर अपने घर वापस लौट रही हैं। वे अपने प्रपत्रों को सुधारने के लिए बैंकों और प्रज्ञा केंद्रों को चक्कर लगा रही है। क्षेत्र की अनीता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, आशा देवी आदि ने बताया कि प्रज्ञा केंद्रों की ओर से कागजात सही देने के बाद भी टाइपिंग में कुछ न कुछ गलती कर दी गई है। महिलाओं के इस आरोप से अधिकारी भी हैरान हो गए हैं।

अब इस लापरवाही का खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश जरुरतमंद महिलाओं के खाते में तीसरी किश्त के 7500 रुपये नहीं भेजी गई है। जिससे महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। और अब इन्हें प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभ नहीं मिलने पर बेरमो प्रखंड व अंचल कार्यालय में महिला लाभुकों की भीड़ थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को महिला लाभुक प्रखंड व अंचल कार्यालय पहुंचकर अधिकारी व कर्मचारियों से राशि नहीं मिलने की जानकारी लिया। परंतु अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकी।

अंचल कर्मी द्वारा कार्यालय के चहारदीवारी पर लिस्ट चिपका कर निष्क्रिय आधार व होल्ड किया गया खाता की जानकारी लाभुकों को दिया गया। लिस्ट में अपना नाम देखने के लिए महिलाये तथा पुरुषों की काफी भीड़ जुटी रही।

लिस्ट के अनुसार फुसरो नगर परिषद मे कुल 8945 लाभूक है। इनमे से 1617 महिलाओं का आधार कार्ड निष्क्रिय एवं 2675 लाभूक का खाता को किसी कारणवश होल्ड पर रखा गया है। इस तरह बेरमो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र मे कुल 16891 लाभूक है, जिसमे 10838 लाभुक का खाता को होल्ड पर रखा गया है।

वर्जन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के जिन लाभुकों का खाता में योजना की राशि नहीं आया है। उसका लिस्ट उपलब्ध कराया जा चुका है।

प्रखंड के सभी पंचायत भवन में लिस्ट सार्वजनिक किया गया है, जबकि अंचल कार्यालय के चहारदीवारी पर शहरी क्षेत्र का लिस्ट जारी किया गया है। इसमें आगे क्या करना है उसकी जानकारी अभी तक वरिये पदाधिकारी द्वारा नही दिया गया है।

## अस्वीकृत सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

**रानीश्वर (दुमका)।** रानीश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने पंचायत दिवस के अवसर पर सालतोला पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव और मुखिया को पंचायत भवन में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की अस्वीकृत सूची सूचना पट पर लगाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए हो रहे सर्वे में प्रगति लाते हुए एक सप्ताह के अंदर इसे पूरा करने का निर्देश दिया। पारपलसा गांव में लाभुक वर्णवास हेंब्रम का बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य की जांच में योजना भौतिक रूप से पूर्ण पाया गया एवं कनीय अभियंता को पारापीट रंग कराने का निर्देश दिया। सालतोला गांव के पहाड़िया टोला में जलमीनार निर्माण का भी निरीक्षण किया गया, जो कि भौतिक रूप से पूर्ण एवं चालू अवस्था में पाया गया। लाभुक मीरू मरांडी के अबुआ आवास की भी जांच की गई, जिसका कार्य प्लिंथ लेवल तक पाया गया और संबंधित कर्मी को कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यालय में सभी मुखिया और पंचायत सचिव के साथ आवास, मंईयां सम्मान योजना, सिदो-कान्हु युवा खेल क्लब के गठन के संबंध में चर्चा की गई। मौके पर पंचायत के पंचायत सचिव, मुखिया, रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता समेत कई मौजूद थे।

# नहीं थम रहा पक्ष-विपक्ष में यानबाजी का दौर

## मैं जहां हूं, वहीं रहूंगा: चंपाई सोरेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान झारखंड सरकार और विपक्षी दलों के बीच जमकर बयानबाजी हो रही है। चाहे बांग्लादेशी का मुद्दा हो या मैया सम्मान योजना, तमाम मुद्दों को लेकर बहस जारी है। लेकिन इन सबके बीच झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने राज्य की मुख्य विपक्षी दल भाजपा से एक मांग कर दी। जिसकी चर्चा राजनीतिक गलियारों में हो रही है।

दरअसल विधानसभा सत्र के दौरान में मंत्री रामदास सोरेन ने भाजपा से मांग करते हुए कहा चंपाई सोरेन को ओडिशा का राज्यपाल बनाया जाए। रामदास सोरेन ने कहा चंपाई सोरेन झारखंड के वरिष्ठ नेताओं में से एक है। वह झामुमो से भाजपा में जाते हैं, लेकिन अफसोस भाजपा में वह इज्जत उन्हें नहीं दी गई, जो झामुमो परिवार में दी गई थी।

उन्होंने आगे कहा कि जिस लोभ में चंपाई सोरेन भाजपा में गए थे, वह नहीं हुआ। अभी उनकी हालत क्या है, वह सबको पता है। रामदास सोरेन ने तंज कसते हुए कहा कि ओडिशा में राज्यपाल का पद खाली है। भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नहीं तो कम से कम ओडिशा का राज्यपाल चंपाई सोरेन को बनाना चाहिए। भाजपा आदिवासी लीडर को सम्मान देने की बात करती है तो अविलंब चंपाई सोरेन को ओडिशा का राज्यपाल बनाए।

बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली हार के बाद से भाजपा में सांगठनिक बदलाव किए जा रहे है। इस बीच सभी के नजरे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की ओर है। अक्सर सोशल मीडिया में चंपाई सोरेन की झामुमो में वापसी को लेकर कयास लगते हैं, लेकिन चंपाई सोरेन ने इसे सिरे से खारिज किया है और कहा है कि वह जहां हैं, वहीं रहेंगे।

# चतरा में आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति पर लगायी रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ में चतरा के सिमरिया प्रखंड में आंगनवाड़ी सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने सीडीपीओ की ओर से नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर सोनी कुमारी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी के वरीय अधिवक्ता ए अल्लाम और फैजल अल्लाम ने अदालत को बताया कि चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड अंतर्गत पगार पंचायत के आंगनवाड़ी में सहायिका के पद पर 4 जनवरी 2025 को सोनी कुमारी का चयन आमसभा से किया गया।

लेकिन पांच जनवरी को ही सीडीपीओ सोनी कुमारी के चयन को रद करते हुए नए सिरे से चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया, ऐसा करना गलत है।

अधिकारी ने बिना कोई कारण बताए हुए प्रार्थी के चयन को निरस्त किया है। इसलिए नए चयन प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के बाद अदालत ने नए चयन प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए सरकार से जवाब मांगा है।

वहीं, दूसरी ओर गढ़वा में चिनियां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत के भाजपा नेता योगेंद्र साव ने अपने ऊपर हुए गोलीकांड और बरवाडीह पंचायत में हुए विभिन्न विकास योजनाओं की जांच सीबीआई से कराने के लिए हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार से मुलाकात की है। उन्होंने आरटीआई से प्राप्त 2016 से 2025 तक मनरेगा सहित बरवाडीह पंचायत समेत गढ़वा जिले में हुए भ्रष्टाचार के कागजात अधिवक्ता राजीव कुमार को उपलब्ध कराए हैं।

योगेंद्र ने अधिवक्ता को अपने ऊपर हुए हमले की जांच सीबीआई से कराने के लिए ठोस कारण और प्रमाण उपलब्ध कराए हैं।

साथ ही आशंका जाहिर की है कि पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता नितेश सिंह को बचाने के लिए गढ़वा पुलिस मुख्य षड़यंत्रकारी तक नहीं पहुंच पा रही है, क्योंकि मुख्य षड़यंत्रकारी नितेश सिंह ही है।

उन्होंने अपने ऊपर संभावित खतरे की शिकायत 2020 में ही चिनियां थाने को की थी।

जिसमे उन्होंने साफ शब्दों में नितेश सिंह पर आरोप लगाते हुए लिखा था कि नितेश से उनको जान का खतरा है।

# जिले में पीएम कुसुम योजना की प्रगति काफी धीमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान यानी पीएम कुसुम योजना से दुमका के किसानों को जोड़ने की पहल काफी धीमी है। कृषि विभाग के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष के लिए इस योजना के तहत किसानों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। इसके बाद इन आवेदनों की स्क्रूटिनी व गहराई से जांच पड़ताल संबंधित प्रखंडों के बीडीओ के माध्यम से कराई जाएगी। इसके बाद अंतिम तौर पर स्वीकृति के लिए जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता वाली गठित कमेटी की बैठक में रखा जाएगा।

इस कमेटी में जिन आवेदनों पर मुहर लगेगी उसे ज्रेडा को उपलब्ध कराया जाएगा और तब स्वीकृत किसान पीएम कुसुम योजना से जुड़ेंगे। पहले इस महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन लघु सिंचाई विभाग के जरिए होता था, लेकिन अबकी बार यह जिम्मेदारी कृषि महकमा के पास है।फिलहाल दुमका जिले में प्रखंडवार ऑनलाइन आवेदनों पर गौर किया जाए तो सबसे अधिक आवेदन सरैयाहाट प्रखंड के किसानों ने किया है। वहीं, सबसे कम आवेदन काठीकुंड से आया है।

कृषि महकमा के मुताबिक दुमका और रामगढ़ से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन अभी होना बाकी है। शेष प्रखंडों से प्रखंड स्तर पर सत्यापन का काम हो चुका है। इन दो प्रखंडों से सत्यापित सूची प्राप्त होने के बाद स्वीकृति के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी के समक्ष रखा जाएगा।

पीएम कुसुम सौर सब्सिडी योजना एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को उन लोगों के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाना है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इसका लक्ष्य सौर ऊर्जा को अधिक किफायती बनाना और ग्रामीण भारत के लिए उपलब्ध कराना है।

इस योजना के तहत सरकार किसानों को सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंप लगाने के लिए सब्सिडी देती है और इन्हें सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने में भी मदद करती है जो बिजली पैदा कर सकते हैं।

कृषि भूमि वाले किसान इस योजना के केंद्र में हैं। शर्त यह कि इनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसे किसान अपनी सिंचाई प्रणाली को बिजली देना चाहते हैं या फिर सौर ऊर्जा उत्पन्न करना चाहते हैं तो सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप या सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के लिए सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे किसान बिजली के ऊंचे बिल या सिंचाई के लिए डीजल पंप की लागत से छुटकारा पा सकते हैं। सौर ऊर्जा से संचालित पंप खेती के लिए अधिक टिकाऊ है।

भले ही किसान इसके प्राथमिक लाभार्थी हैं, लेकिन ग्रामीण परिवार और स्कूल, अस्पताल और सामुदायिक केंद्र जैसे सार्वजनिक संस्थान भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।ग्रामीण परिवारों के लिए यह बिजली की लागत कम करने और विश्वसनीय, पर्यावरण-अनुकूल बिजली प्राप्त करने का साधन हो सकता है।

# 54 परिवारों पर लगाया गया 45.66 लाख रुपये का दंड

## डीसी के एक्शन से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) रमेश घोलप ने गरीबों व असहाय का हक मारने वाले साधन-संपन्न परिवारों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। उपायुक्त ने ऐसे 54 परिवारों का बीपीएल कार्ड निरस्त करते 45.66 लाख रुपये का दंड लगाया है।

इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की है कि साधन-संपन्न परिवार पांच अप्रैल तक स्वच्छता से बीपीएल कार्ड प्रत्यार्पण करे दें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। उपायुक्त ने अयोग्य 54 कार्ड धारियों से 45,66,832 लाख रुपये वसूलने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि जिनका पक्का मकान एवं ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी, सेवा निवृत सरकारी कर्मी समेत अन्य जो राशनकार्ड के योग्य नहीं है और गलत तरीके से गरीबों का अनाज उठाव का कार्य कर रहे हैं।

वैसे कार्डधारक को पांच अप्रैल तक स्वेच्छा से जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास जमा कर दें।

उपायुक्त ने कहा कि यदि अयोग्य राशन कार्डधारी सरेंडर नही करते हैं तो झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 के नियम के साथ उप कंडिका के आलोक में जुमार्ना की राशि वसूल करते हुए कड़ी करवाई की जाएगी।

54 राशन कार्डधारियों में सदर प्रखंड के पांच, इटखोरी प्रखंड के एक, प्रतापपुर प्रखंड के नौ, लावालौंग प्रखंड के बारह, पत्थलगड्डा प्रखंड के दो, टंडवा प्रखंड के छह, सिमरिया प्रखंड के दस एवं हंटरगंज प्रखंड के सात लोगों का नाम शामिल है।

उपायुक्त ने कहा कि इन लोगों द्वारा गलत तरीके से राशनकार्ड बनवाकर राशन कार्ड से मिलने वाला लाभ लिया जा रहा था।

इन लोगों के पास अलग-अलग स्थान पर पक्का मकान, चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर, बड़ा उद्योग, दो तल्ला मकान, सरकारी नौकरी, रिटायर सरकारी कर्मी समेत अन्य है।

उपायुक्त कहा की जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा निरंतर जांच की जा रही है। 5 अप्रैल तक बीपीएल कार्ड प्रत्यार्पण नहीं करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सम्पन्न परिवारों द्वारा गलत तरीके से राशन उठाने के कारण योग्य लाभुक को लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है।

वर्तमान में योग्य लाभुकों को खाली स्थान नहीं होने के कारण न ही नया नाम जोड़ा जा रहा है और न ही नया कार्ड बनाया जा रहा है।

# पुल मरम्मति में विलम्ब से रोष

**गोड्डा।** सूबे में विकास के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है। इसका उदाहरण बंसतराय के जमनीकोला में बना पांच करोड़ रुपये की लागत वाला पुल है। यह पुल 2022 में बनकर तैयार हो गया, लेकिन उद्घाटन नहीं हो पाया। करोड़ों का पुल उद्घाटन के पूर्व ही धराशायी हो गया। इसमें आश्चर्य की बात यह है कि अब पुल के दो स्पेन की मरम्मत में भी खानापूर्ति की जा रही है। बता दें कि वर्ष 2019-20 में सुंदर नदी पर विशेष प्रमंडल की ओर से उक्त पुल की स्वीकृति मिली थी। निर्माण कार्य 2022 में पूरा हो गया। पुल नहीं रहने से वहां हजारों की आबादी को नदी पार करने में परेशानी हो रही थी। इस बीच वर्ष 2022 में पुल बनने के बाद इसके उद्घाटन के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण उद्घाटन नहीं हो सका। इधर जुलाई 2024 में उक्त नवनिर्मित पुल का दो स्पेन धराशायी हो गया। अब विभाग उसकी मरम्मत में जुटा है। लेकिन यहां पुल मरम्मत के नाम पर भी खानापूर्ति की जा रही है।

# उदय दांगी की मेहनत रंग लायी, बंजर भूमि पर छायी हरियाली

## दर्जन भर पा चुके हैं पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में स्थित बकचुम्मा गांव में रहने वाले उदय दांगी की मेहनत ने रंग लाई है। उनकी बंजर भूमि पर अब हरियाली आ गई।

उदय ने अपने भाइयों एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी खेती से जोड़कर न केवल स्वावलंबन का पाठ पढ़ाया बल्कि गांव और घर में खुशहाली ला दी है। इससे अब गांव के लोग भी प्रेरणा ले रहे हैं। कुछ साल पहले तक उदय गुजरात में दैनिक मजदूरी करता था। लोहे की फैक्ट्री में प्रवासी मजदूर थे। कोरोना महामारी में उनका रोजगार छिन गया। लाचार होकर भारी मन से घर लौट आया।

पेट की आग ने घर की माटी से जूझने को विवश कर दिया। गांव में उनकी दो एकड़ जमीन थी, लेकिन वह भी बंजर थी।

इस जमीन पर दशकों से हल नहीं चला था, उदय उसी जमीन में अपनी किस्मत ढूंढने लगे।हाड़ तोड़ मेहनत से उसे उपजाऊ बनाया और आर्गेनिक खेती की शुरूआत की।

महज एक साल में खेती में ऐसा रमा कि आसपास की छह एकड़ बंजर जमीन भी लीज पर ले ली। पूरे आठ एकड़ में आर्गेनिक खेती करने लगे।

उदय ने तीन-चार साल में खेती से आर्थिक उन्नति की नई इबारत लिखी है। अपने दोनों भाइयों और घर की महिलाओं को भी खेती से जोड़ लिया है। गांव के दस युवाओं को भी वह रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

खेतों में पूरे साल हरियाली रहती है। अभी स्ट्राबेरी, तरबूज, केला के अलावा बीन, बैंगन, टमाटर, मटर आदि नकदी फसलें लहलहा रही है। उदय खेती से सात से आठ लाख रुपये शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं। बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ा रहे हैं। कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए अपना चारपहिया वाहन भी खरीद रखा है।

उदय को स्थापित करने में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनके प्रयास से डीप बोरिंग से पानी निकालने के लिए साठ केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है।

जिला परिषद उपाध्यक्ष और उदय दांगी ने मैट्रिक तक की पढ़ाई साथ की है।

कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उदय दांगी को तीन वर्षों में एक दर्जन से अधिक पुरस्कार मिले हैं। जिला से लेकर राज्य स्तर तक उन्हें सम्मानित किया गया है।

इसी महीने आठ से 10 फरवरी तक राजधानी, रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला में उन्हें जल संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व जनवरी माह में यहां आयोजित जिलास्तरीय किसान मेला में बेहतर कृषक के लिए प्रथम पुरस्कार मिला था। उदय दांगी कहते हैं कि उनकी भूमि में सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है।

सिंचाई एक बड़ी चुनौती थी। प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने सबसे पहले जल संचयन पर काम किया। अभी कम पानी में फसलों का बेहतर उत्पादन कर रहे हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-01-25, दिनांक 19.03.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल-01-25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल की खाना-प्रधानखुंटा शाखा में पानागढ़, अंडाल, आसनसोल और बराकर में ओएचई डिपो का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य :** रु.1,35,86,584.17, **बयाना राशि :** रु. 2,17,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 11.04.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-382/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# किसानों ने देशज बीजों और औषधीय पौधों को दिलाई 'पहचान'

**झारखंड में अब भी कारगर है पुरानी कृषि पद्धति**

**धान-मक्का से जंगली धतूरा के बीज तक किए संरक्षित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** खेती-किसानी को लाभपरक बनाने और अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए रोज नए उद्यम-उपक्रम किए जा रहे हैं। विविध प्रयोगों के साथ नव पादपों से भरपूर उत्पादन प्राप्त करने पर पूरा जोर है। लेकिन, खाद्य पोषण और संरक्षण-सुरक्षा के अभाव में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बड़ी चुनौती बनी हुई है। झारखंड के दुमका के किसानों ने देशज बीजों और औषधीय पौधों को विशिष्ट पहचान दिलाने की बड़ी पहल की है। जंगली पौधों और बीजों को सहेजकर वे 50 हजार की अतिरिक्त आमदनी कर रहे हैं। पादप आनुवंशिक संसाधन (पीजीआर) के फसल सुधार कार्यक्रम का हिस्सा बनकर इन किसानों ने खेती, उद्यान-वानिकी की नई परिभाषा गढ़ी है।

इनके बूते प्लांट जेनेटिक रिसोर्स को संरक्षित करने में झारखंड, ओडिशा के साथ देश का अग्रणी राज्य बन गया है।राष्ट्र-राज्य संपदा के रूप में मान्यता प्राप्त पौधों के जरिये खेती-किसानी बदल रहे कृषक वन फसलों और पौधों के आनुवंशिक संसाधनों का भरपूर उपयोग कर रहे हैं।

परंपरागत कृषि की इस विधा में कंद, प्रकंद, पराग-अंकुर आदि पादप प्रजनकों का भी खास ख्याल रखा जाता है।

दुमका की पहाड़िया जनजाति के अलावा गुमला, रांची और गिरिडीह के किसानों ने भी औषधीय पौधों व देशज बीजों को सहेजने का बीड़ा उठाया है।



जलवायु परिवर्तन से बिगड़ती कृषि व्यवस्था के बीच झारखंड में आज भी देशज बीज व पुरानी कृषि पद्धति काफी कारगर है।

इनके गुण व विशिष्टता की जांच के साथ ही व्यवसायिक उपयोग के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इससे किसानों के परंपरागत ज्ञान को ग्लोबल पहचान मिल रहा है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के डिप्टी रजिस्ट्रार उमाकांत दुबे ने बताया कि प्लांट जेनेटिक रिसोर्स को संरक्षित करने में झारखंड देश में दूसरे स्थान पर है। यहां के किसानों द्वारा संरक्षित सैंकड़ों उत्पादों ने प्रमाणिकता प्राप्त की है। कृषि विज्ञान केंद्र, दुमका की अगुवाई में इन किसानों को पारंपरिक देशज बीज के संरक्षण की ट्रेनिंग भी दी गई है।

जिले के 165 से अधिक किसानों के द्वारा सहेजे गए बीजों-उत्पादों को प्लांट प्रोटेक्शन वेराइटी एंड फामर्स राइट एक्ट के तहत कृषि अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली ने अपनी मान्यता दी है।

इनमें सरैयाहाट के चिलरा गांव के किसान अमरेन्द्र कुमार द्वारा संरक्षित देशी मक्का सबसे खास है। इसे स्थानीय लोग ढिबरी मकई कहते हैं, इसकी विशिष्टता है कि बिना सिंचाई के भरपूर पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय विज्ञानी डा. किरण कुमारी सिंह ने बताया कि यहां के अब तक 135 किसानों के उत्पादों का निबंधन किया गया है।इसका उद्देश्य देशज बीजों व उत्पादों की गुणवत्ता को विशिष्ट पहचान दिलाने के साथ ही इसे सहेजने वाले किसानों की परंपरागत ज्ञान, इनके पूर्वजों से मिली सीख का अधिकाधिक लाभ दिलाना है।

दुमका के ग्रामीण इलाकों में धान का एक देहाती प्रभेद बीयन सार भी इनमें शामिल है। खासियत में यह कतरनी चावल के समान है। वहीं भूरे रंग का देशी गोरा धान भी बहुत प्रभावी है। इससे बना भात दो दिनों तक खराब नहीं होता। गुणवत्ता में यह काफी सुपाच्य है। वर्तमान में जंगली अदरक, जंगली हल्दी, बेल, बेर, अरवी, जंगली धतूरा, पथलचट्टा, भेलवा, मक्का, गिलोय, पादप छाल, बरबट्टी, भेलवा, हाथीकान समेत कई उत्पादों व देशज बीज का सैंपल संग्रह कर सीधा लाभ किसानों को दिलाया जा रहा है।

शिकारीपाड़ा के मलूटी में गौमूत्र से तैयार औषधी, सरायकेला में कुसमी लाह उत्पादन व बिहन लाह तकनीक के साथ ही दलहन उत्पादन योजना के तहत फेलो लैंड पर 40 प्रतिशत अधिक उत्पादन बढ़ाने के लिए आइसीएआर में झारखंड का परचम लहरा चुका है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/2025** **दिनांक 20.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की कैटेगरी:** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एडीवीटी-एएसएन-02-04, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 02.04.2025 को 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** आरडीएन: (1) दुमका में-दुमका स्टेशन के अंदर नॉन-डिजिटल मीडिया के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन। (2) आसनसोल में-ग्लो साइन/बैक लिट मीडिया के रूप में पीएफ नं. 1 एवं 2 पर वाणिज्यिक विज्ञापन। कुल 02 परिसंपत्तियाँ: आरडीएन परिसंपत्तियों की सं.: 02, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण को जानने एवं उक्त ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ASN-383/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आईपीएल 2025: अब और रोमांचक होगा इंडिया का त्योहार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग जिसे इंडिया का त्योहार भी कहा जाता है, इसके 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है. आईपीएल का ये सीजन अभी तक का सबसे खास सीजन होने वाला है. आईपीएल 2025 से पहले बीसीसीआई ने कई बड़े फैसले लिए हैं, जिससे ये लीग और रोमांचक हो गई है. इस बार आईपीएल में कुल 3 नए नियम देखने को मिलेंगे, जिसका इस्तेमाल इस लीग में कभी नहीं किया गया था. वहीं, 2 खिलाड़ी बतौर कप्तान पहली बार खेलते हुए नजर आएंगे. आईपीएल 2025 में खिलाड़ियों की कमाई में बंपर फायदा देखने को मिलेगा. दरअसल, अभी तक खिलाड़ियों को ऑक्शन में लगी बोली का ही पैसा मिलता था. लेकिन इस बार ये खिलाड़ियों को मैच फीस भी दी जाएगी. टीम शीट में शामिल 12 खिलाड़ियों को हर मैच 7.5 लाख रुपए दिए जाएंगे. हालांकि जो खिलाड़ी मैच का हिस्सा नहीं होंगे, उन्हें मैच फीस नहीं मिलेगी. इस नियम से सबसे ज्यादा फायदा उन खिलाड़ियों को मिलेगा, जो ऑक्शन में 30 लाख या 50 लाख रुपए में खरीदे गए थे.

अब टीमें ऊंचाई और ऑफ साइड वाइड के लिए डीआरएस का इस्तेमाल कर सकेंगी. ऑफ-स्टंप के बाहर की वाइड और ऊंचाई वाली वाइड पर फैसला करने के लिए हॉक आई और बॉल ट्रैकिंग की मदद ली जाएगी. आईपीएल 2024 में ओवर द वेस्ट और नो बॉल को मापने के लिए जिस तकनीक का इस्तेमाल किया गया था, वही तकनीक ओवर द हेड वाइड और ऑफ साइड वाइड के मामले में भी लागू की जाएगी.

आईपीएल 2025 के डे-नाइट मैचों में 3 गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा. जिसके तहत पहली पारी में एक गेंद का इस्तेमाल होगा. वहीं, दूसरी पारी में दो गेंदों का इस्तेमाल किया जा सकेगा. दरअसल, ओस के प्रभाव को कम करने के लिए नियम के मुताबिक मैच की दूसरी पारी में 11वें ओवर के बाद एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके अलावा आईपीएल 2025 में गेंदबाज सलाइवा का इस्तेमाल कर सकेंगे. सलाइवा का इस्तेमाल कोविड-19 के बाद से बैन था.

आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रजत पाटीदार को अपनी टीम का कप्तान बनाया है. बता दें रजत पाटीदार पहली बार इस लीग में कप्तानी करते हुए नजर आएंगे. वहीं, राजस्थान की टीम ने रियान पराग को शुरुआती 3 मैचों के लिए टीम की कमान सौंपी है.

# आईपीएल में छाने को तैयार हैं ये 5 अनकैप्ड खिलाड़ी... गरजेगा बल्ला, आग उगलेंगी गेंदें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 सीजन का आगाज कल होने जा रहा है. इस बार टूर्नामेंट में सुपरस्टार्स पर तो सभी की नजरें रहेंगी ही, बल्कि उन नई भारतीय प्रतिभाओं पर भी नजरें रहेंगी, जो अनकैप्ड हैं और इस बड़े मंच पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं. हर सीजन में लीग नए हीरो यंग क्रिकेटरों को सामने लाती है, जो निडर बल्लेबाजी, शानदार स्पेल और खेल को बदलने का दम रखते हैं. आइए आपको ऐसे ही कुछ चुनिंदा क्रिकेटरों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं.

मुशीर खान (पंजाब किंग्स): 20 वर्षीय मुशीर 30 लाख रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं. वो दाएं हाथ के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज हैं, वहीं बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करते हैं. सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर 2024 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में सुर्खियों में आए थे. उन्होंने पिछले साल मुंबई के लिए दोहरा शतक लगाकर धमाकेदार तरीके से अपने रणजी ट्रॉफी करियर की शुरुआत की. उनके टी20 के आंकड़े अभी शुरुआती ही हैं, लेकिन नए कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में पंजाब किंग्स उन्हें मध्य क्रम में शामिल कर सकती है या स्पिन के अनुकूल पिचों पर पांचवें गेंदबाजी विकल्प के रूप में काम कर सकती है.

रॉबिन मिंज (मुंबई इंडियंस): अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी शैली के लिए जाने जाने वाले मिंज कुछ ही ओवरों में खेल का रुख बदल सकते हैं. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की नीलामी में 65 लाख रुपये में खरीदा था. एमआई के स्काउटिंग नेटवर्क ने उनकी क्षमता को पहले ही पहचान लिया था. इस बार मुंबई इंडियंस के टीम सेटअप में ईशान किशन नहीं हैं, ऐसे में मिंज का पावर गेम उनकी जगह ले सकता है. 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ दो प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, लेकिन झारखंड के लिए एज कैटगरी वाले टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई है.




सी आंद्रे सिद्धार्थ (चेन्नई सुपर किंग्स): 18 वर्षीय आंद्रे सिद्धार्थ ने घरेलू सर्किट में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. एक पॉडकास्ट में भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने भी सिद्धार्थ की तारीफ की. ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और एमएस धोनी की देखरेख में सिद्धार्थ सीएसके के माहौल में खूब फल-फूल सकते हैं. हालांकि सीएसके की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को देखते हुए उन्हें तुरंत खेलने का मौका शायद ही मिले, लेकिन उनके घरेलू प्रदर्शन से पता चलता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वे आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं. स्पिन खेलने की उनकी आदत उन्हें चेपॉक की टर्निंग ट्रैक पर खूब फल-फूलने में मदद कर सकती है. समीर रिजवी (दिल्ली कैपिटल्स): अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी के लिए मशहूर रिजवी कैपिटल्स के लिए संभावित मैच विजेता हैं. 21 वर्षीय र?जवी ने 2023 में उत्तर प्रदेश टी20 लीग के दौरान 188.80 के शानदार स्ट्राइक-रेट से सिर्फ नौ पारियों में 455 रन बनाकर सुर्खियां बटोरी थीं. उन्होंने 35 छक्के लगाए और टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक ( 47 गेंदों पर) जड़ा.

इस शानदार फॉर्म की वजह से 2024 की आईपीएल नीलामी में उनको छ्रस्द्य ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा. हालांकि वो अपने डेब्यू सीजन की 5 पारियों में महज 51 रन ही बना सके. इस बार रिजवी को 95 लाख रुपये में दिल्ली केपिटल्स ने अपनी टीम में जोड़ा. ऐसे में वो ष्ठष्ट के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिख सकते हैं.

अंशुल कंबोज (चेन्नई सुपर किंग्स):हरियाणा के एक होनहार दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर कंबोज को आईपीएल 2025 की नीलामी के दौरान सीएसके ने 3.40 करोड़ रुपये में साइन किया. जो उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये से काफी ज्यादा है. 6 फीट 2 इंच की लंबाई वाले 24 वर्षीय कंबोज नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग कर सकते हैं.

उनकी लंबाई की वजह से उनको पिच से अतिरिक्त उछाल मिलती है, जो बल्लेबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है. नवंबर 2024 में कंबोज के करियर में एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बनकर सुर्खियां बटोरीं. उन्होंने रोहतक में केरल के खिलाफ हरियाणा के मैच के दौरान 30.1 ओवर में 10/49 के आंकड़े दर्ज करते हुए यह उपलब्धि हासिल की.

वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स): बिहार के 13 वर्षीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव को पिछले साल नवंबर में आईपीएल मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में चुना था. सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में सुर्खियां बटोरीं. वैभव ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ भारत अंडर-19 के लिए 58 गेंदों में शतक जड़ा था, जो यूथ टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था. उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 42 गेंदों में 71 रनों की तूफानी पारी खेली थी. वैभव की क्रिकेट की जर्नी बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव से शुरू हुई, जहां उनके किसान पिता संजीव ने घर पर ही उनकी प्रतिभा को निखारा. वैभव राजस्थान की टीम में हैं, जहां वो हेड कोच राहुल द्रविड़ के सान्निध्य में रहेंगे, ऐसे में उनको वहां खूब संवरने का मौका मिलेगा.

## स्वीस ओपन बैडमिंटन

### शंकर सुब्रमण्यम ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व नंबर दो एंटोनसेन को हराकर किया बाहर



**बासेल, एजेंसी।** तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा। भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर योनेक्स स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और मौजूदा समय में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यन ने अपने शानदार डिफेंस और प्रभावशाली स्मैश का कमाल दिखाते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यन टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया।अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत ने लगाई बोली, 2010 में आखिरी बार हुआ था देश में आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश की है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाने से संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी।



## आईओए और गुजरात ने लगाई बोली

सूत्र ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ ने मेजबानी के लिए जरूरी दस्तावेज कुछ दिन पहले भेजे हैं। सूत्र ने कहा- हां, यह सच है, भारत की बोली आईओए और गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई है। बता दें कि, अगर भारत की बोली स्वीकार कर ली जाती है और देश को मेजबानी मिलती है तो इसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में होगा। हाल ही में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि देश खेलों की मेजबानी करने में रुचि रखता है। भारत ने अंतिम बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी और देश का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का भी है।

# कोहली के गिफ्ट का कमाल: युवा क्रिकेटर ने माना- इसे पहनकर कमाल हो गया

**मेलबर्न, एजेंसी।** युवा भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के मेलबर्न टेस्ट में उनके ऐतिहासिक शतक में उनके आदर्श विराट कोहली के जूतों की अहम भूमिका रही। नीतीश ने कहा कि मैंने उस शतक के दौरान विराट भाई के जूते पहने थे। जब उन्होंने मुझसे मेरे जूते का साइज पूछा, तो मैंने सही अनुमान लगाया और उनके जूते पहन लिए। मैंने मैच के दौरान इसे पहना था। कमाल हो गया और मैं शतक लगाने में कामयाब रहा। नीतीश का यह पहला टेस्ट शतक था जोकि भारत के लिए मुश्किल हालात में आया। इसके बाद नीतीश की प्रतिभा भी दुनिया के सामने आई। नीतीश ने आगे कहा कि कोहली जैसे दिग्गज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और उनके जूतों में शतक जड़ना



उनके लिए सपने जैसा था। यह खबर क्रिकेट प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है, जो नीतीश की सादगी और कोहली के प्रभाव को दर्शाती है। नीतीश ने पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपनी टीम के आईपीएल फाइनल में पहुंचने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 303 रन बनाए और तीन विकेट लिए। एक बेहतरीन ऑलराउंडर बनने के लिए दृढ़ संकल्पित नीतीश ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने डेब्यू मैच से पहले हार्दिक पांड्या से भी सलाह ली थी। नीतीश ने खुलासा किया कि ड्रेसिंग रूम में सभी ने आकर मुझे बधाई दी, लेकिन मैं सिर्फ़ एक व्यक्ति की तलाश में था - उम्मीद कर रहा था कि वह आकर मुझसे बात करेगा। जब विराट भाई (कोहली) आखिरकार मेरे पास आए और मुझे बताया कि मैंने शानदार खेल खेला है, तो वह पल मेरे लिए खास था।

## क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया, पनामा ने अमेरिका को बाहर किया



**जाग्रेब, एजेंसी।** एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया।क्रोएशिया ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए 2022 विश्व कप की उपविजेता टीम फ्रांस को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 2-0 से हरा दिया। क्रोएशिया की टीम ने शानदार डिफेंस दिखाया और किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाने में कामयाब रही। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।वहीं, सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा।

# पाकिस्तान ने 16 ओवर में हासिल किया 205 रन का लक्ष्य, नवाज ने ठोका तूफानी शतक

हसन नवाज के तूफानी शतक (44 गेंदें) की बदौलत पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में 16 ओवर में 207 रन बनाते हुए 9 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। नवाज के अलावा कप्तान सलमान आगा ने अर्धशतक लगाया और इस जीत में अपना योगदान दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान की सीरीज जीतने की संभावनाए एक बार फिर जाग उठी हैं। सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है और दो मैच बाकी हैं। न्यूजीलैंड से मिले 205 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले और एक मात्र विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। मोहम्मद हारिस और नवाज के बीच 74 रन की साझेदारी 5.5 ओवर में टूटी जब जैकब डफी की गेंद पर हारिस मिशेल हे के हाथों कैच आउट हुए। हारिस ने 20 गेंदों पर 4 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। इस आउट के बावजूद पाकिस्तान ने आक्रामक रूख अपनाया और नवाज तथा आगा पाकिस्तान को जीत दिलाकर वापस लौटे। नवाज ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 105 रन बनाए जबकि आगा ने 31 गेंदों पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 51 रन ठोके।

इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आग ने टॉस जीतकर



पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिन ऐलन (शून्य) का विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये माक चैपमैन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की शुरुआत की। उन्होंने टिम साइफर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की।

पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने टिम साइफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम साइफर ने नौ गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए (19) रनों की पारी खेली। दो विकेट गिरने के बावजूद डैरिल मिचेल और माक चैपमैन तेजी के साथ रन बनाते रहे। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़ा। 10वें ओवर में शादाब खान ने डैरिल मिचेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। डैरिल मिचेल ने 11 गेंदों में (17) रन बनाए। शतक की ओर बढ़ रहे मार्क चैपमैन को 13वें शाहीन शाह अफरीदी ने आउटकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। माक चैपमैन ने 44 गेंदों में 11 चौके और चार छक्के लगाते हुए (94) रनों की पारी खेली। जिमी नीशम (तीन), मिचेल हे (नौ) और काइल जेमीसन (शून्य) पर आउट हुये। 19वें ओवर में हारिस रउफ ने कप्तान माइकल ब्रेसवेल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। माइकल ब्रेसवेल ने18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (31) रन बनाए। इसी ओवर में रउफ ने ईश सोढ़ी (10) को आउटकर पाकिस्तान के लिए नौवां विकेट लिया।

# गर्मियों में पानी की नहीं होगी किल्लत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में इस साल गर्मी के प्रचंड महीनों के दौरान लोगों को पीने के पानी की दिक्कत नहीं होगी। निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के तहत एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों के साथ अनिवार्य तौर पर साप्ताहिक समीक्षा बैठकें की जाएंगी। दिल्ली जल मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ये बैठकें जल वितरण को सुव्यवस्थित करने, अवैध कनेक्शनों पर अंकुश लगाने और निगरानी प्रणालियों को बेहतर बनाने पर केंद्रित होंगी। पहली समीक्षा बैठक के दौरान गुरुवार को अधिकारियों को पानी के रिसाव को रोकने, सीवर की रुकावटों को दूर करने और वितरण में दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मंत्री वर्मा ने कनेक्शन दरों में संशोधन करके पानी के कनेक्शन को वैध बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि लोगों के लिए उन्हें अधिक सुलभ बनाया जा सके। वर्मा ने कहा, फिलहाल, पानी के कनेक्शन की ऊंची दरें लोगों को वैध कनेक्शन लेने से हतोत्साहित करती हैं। हम दरों में संशोधन करेंगे और लोगों के लिए वैध कनेक्शन प्राप्त करने की समयसीमा तय करेंगे। समयसीमा के बाद, अनुपालन न करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।



पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, मंत्री ने घोषणा की कि जीपीएस-फिटेड पानी के टैंकरों के लिए एक नया टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा, वर्तमान में, पानी के टैंकरों द्वारा की गई ट्रैवल का कोई उचित रिकॉर्ड नहीं है। अब हर टैंकर में जीपीएस लगाया जाएगा और सप्लाई पॉइंट्स की एक उचित सूची बनाई जाएगी। सरकार ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैंकर ट्रिप की संख्या बढ़ाकर रोजाना 16 करने का भी फैसला किया है।

इसके अलावा, वर्मा ने राजस्व का अनुमान लगाने और नुकसान को कम करने के लिए भूमिगत जलाशयों (यूजीआर) से पानी के आउटफ्लो की निगरानी के महत्व पर जोर दिया। एक बयान में कहा गया कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल आपूर्ति और सीवर प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। आने वाले हफ्तों में इसमें सुधार दिखाई देने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि जल वितरण की निगरानी और शिकायतों का कुशलतापूर्वक समाधान करने के लिए एक विशेष निगरानी प्रणाली भी विकसित की जा रही है।

## दिल्ली में वाटर कनेक्शन का घटेगा चार्ज, टैंकरों के फेरे बढ़ेंगे; गर्मी में पानी की किल्लत दूर करने को नई पहल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस बार गर्मियों में लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक नई पहल शुरू की है। वर्मा ने दरों में संशोधन करके पानी के कनेक्शन को वैध बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए हैं। गर्मी के महीनों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठकें अनिवार्य की गई हैं। दिल्ली जल मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ये बैठकें जल वितरण को व्यवस्थित करने, अवैध कनेक्शनों पर अंकुश लगाने और निगरानी प्रणालियों को बेहतर बनाने पर केंद्रित होंगी। इससे पहले दिन में पहले आयोजित पहली समीक्षा बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को पानी के रिसाव को रोकने, सीवर की रुकावटों को दूर करने और वितरण में दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मंत्री वर्मा ने कनेक्शन दरों में संशोधन करके पानी के कनेक्शन को वैध बनाने पर भी जोर दिया, ताकि लोगों के लिए उन्हें अधिक सुलभ बनाया जा सके। वर्मा ने कहा कि पानी के कनेक्शन की ज्यादा लागत लोगों को वैध कनेक्शन लेने से रोकती हैं। हम दरों में संशोधन करेंगे और लोगों के लिए वैध कनेक्शन लेने की समयसीमा तय करेंगे।



मंत्री ने घोषणा की कि जीपीएस लगे पानी के टैंकरों के लिए एक नया टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पानी के टैंकरों के आवागमन का कोई उचित रिकॉर्ड नहीं है। अब हर टैंकर में जीपीएस लगाया जाएगा और आपूर्ति वाली जगहों की सूची रखी जाएगी। सरकार ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैंकर ट्रिप की संख्या बढ़ाकर रोजाना 16 करने का फैसला किया है। इसके अलावा वर्मा ने राजस्व का अनुमान लगाने और नुकसान को कम करने के लिए भूमिगत जलाशयों (यूजीआर) से जल प्रवाह की निगरानी के महत्व पर बल दिया। वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जन कल्याण को प्राथमिकता देती है। समर एक्शन प्लान के तहत साप्ताहिक बैठकों के माध्यम से हम हर नागरिक को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली में सूर्यदेव के तेवर होंगे और तल्ख; चिलचिलाती धूप संग पारा और चढ़ने के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के तापमान में आज से और बढ़ोतरी होने की संभावना है। गुरुवार को भी दिल्ली के रिज इलाके में सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई। राजधानी के कई जगहों पर अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। सफदरजंग के अलावा लोधी रोड, आया नगर, नजफगढ़, पीतमपुरा में भी तापमान में बढोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार से मंगलवार के बीच तापमान में बढोतरी की संभावना जताई है। आसमान साफ रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरी पश्चिमी हवा की गति भी बहुत अधिक नहीं रहेगी। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से 37 डिग्री सेल्सियस हो सकता है। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 151 रहा, जबकि शाम 4 बजे यह 156 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है।



## मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया मजबूत की जाएगी, चुनाव आयोग ने लिए अहम फैसले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मतदाता सूचियों की शुद्धता पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट करने की प्रक्रिया को जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ करीबी समन्वय से मजबूत बनाया जाएगा।

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मतदाता सूची और आधार को जोड़ने पर यूआइडीएआइ और आयोग के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी चर्चा जल्द शुरू होगी। साथ ही कहा, चूंकि एक मतदाता सिर्फ निर्धारित मतदान केंद्र पर ही मतदान कर सकता है, अन्य कहीं नहीं, आयोग ने देशभर में डुप्लीकेट नाम हटाने और इस दशकभर पुराने मुद्दे को तीन महीने में खत्म करने का संकल्प लिया है। राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग की चर्चाओं में यह स्पष्ट किया गया कि मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने का काम जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में सभी राजनीतिक दलों के लिए उपलब्ध दावे व आपत्तियां दाखिल करने के लिए प्रासंगिक कानूनी प्रविधानों के तहत अपील प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित होगा। ऐसी अपीलें नहीं होने पर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा तैयार सूची ही मान्य होगी। चुनाव आयोग ने स्मरण कराया कि जनवरी में स्पेशल समरी रिवीजन एक्सरसाइज पूरी होने के बाद सिर्फ 89 फर्स्ट अपील और सिर्फ एक सेकेंड अपील दायर की गई थी। आयोग ने यह भी कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए साहसिक कदम उठाए हैं। निचले स्तर पर मुद्दों का समाधान करने के लिए लगभग 5,000 चुनाव अधिकारी 31 मार्च तक राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करेंगे। इन अधिकारियों में राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी शामिल हैं। आयोग ने कहा कि लगभग एक करोड़ चुनाव अधिकारियों की निरंतर क्षमता वृद्धि के लिए डिजिटल ट्रेनिंग की योजना भी बनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कब से लागू होगी महिला समृद्धि योजना, भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेव ने कर दिया साफ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में महिला समृद्धि योजना कब से लागू होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बजट पारित होने के बाद महिलाओं को सीधे आर्थिक मदद देने वाली महिला समृद्धि योजना लागू होगी, जिसके तहत कमजोर वर्ग की महिलाओं को हर महीने वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन में कथित देरी के आरोप को लेकर आम आदमी पार्टी की आलोचना का जवाब देते हुए सचदेवा ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी ही है जिसने मासिक भत्ता देने में विफल होकर दिल्ली और पंजाब में महिलाओं को गुमराह किया है। उन्होंने कहा, 'अरविंद केजरीवाल अच्छी तरह जानते हैं कि भाजपा सरकार 2025-26 के बजट में महिला समृद्धि योजना को लागू करने के लिए उचित प्रावधान सुनिश्चित करेगी। एक बार ऐसा हो जाने पर उनके लिए पंजाब की महिलाओं को और गुमराह करना असंभव हो जाएगा।' पिछले महीने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही आम आदमी पार्टी इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर निशाना साधती रही है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव पूर्व आधी आबादी से वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद वह महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देगी। हालांकि सरकार बनने के महीने भर बाद भी योजना के लागू ना होने को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर हमलावर हो रही है और उस पर वादाखिलाफी का आरोप भी लगा रही है।

### 296 पिलर पर बनेगा 5.5 किमी लंबा 6 लेन चिल्ला एलिवेटेड रोड, दिल्ली-नोएडा रूट पर खत्म होगा जाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-नोएडा को आपस में जोड़ने वाले बहुप्रतिक्षित चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य 44 महीने के बाद गुरुवार को एक बार फिर शुरू हो गया। नोएडा प्राधिकरण और सेतु निगम के अधिकारियों ने सेक्टर-14ए में पूजा के बाद पिलर का काम शुरू कराया। इस परियोजना को 892 करोड़ रुपये खर्च कर तीन वर्ष में पूरी किया जाएगा। इस मार्ग को बनाने के लिए 296 पिलर बनेंगे। यह एलिवेटेड छह लेन का होगा, जिसकी कुल लंबाई 5.589 किलोमीटर होगी। इसके बनने से फिल्म सिटी मार्ग पर जाम से राहत मिलेगी। नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि पहले पिलर के लिए बुनियाद बनाने का काम होगा। इसके बाद ऊपर का काम आईआईटी से डिजाइन मंजूर होने के बाद किया जाएगा। डिजाइन में यदि कोई बदलाव आता है तो सेतु निगम उसी आधार पर निर्माण करेगा। सॉइल टेस्टिंग रिपोर्ट आने के बाद काम तेजी से किया जाएगा। यह एलिवेटेड दिल्ली के मयूर विहार फ्लाईओवर से जोड़ेगा। इसके निर्माण से एक्सप्रेसवे पर सेक्टर 14ए से महामाया फ्लाईओवर तक ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इस एलिवेटेड रोड के निर्माण में आधी राशि प्रदेश सरकार देगी, जबकि आधा धन नोएडा प्राधिकरण देगा। निर्माण के लिए टेंडर सेतु निगम ने कराया। वहीं, निगरानी का नोडल नोएडा प्राधिकरण को बनाया गया। चिल्ला एलिवेटेड रोड का सपना वर्ष 2012 में देखा गया था और तभी से इसकी कवायद शुरू हो गई थी। वर्ष 2018 में इस प्रोजेक्ट दिल्ली सरकार से मंजूरी मिली थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 में इसकी आधारशिला रखी थी।

## गाजा में इजरायल ने शुरू कर दिया जमीनी हमला, हमास ने तेल अवीव पर दागीं मिसाइलें

**गाजा, एजेंसी।**
गाजा में इजरायल के हमले के बाद अब हमास ने भी तेल अवीव पर हमले शुरू कर दिए हैं। हमास की तरफ से तेल अवीव में कम से कम तीन रॉकेट दागे गए । हालांकि इजरायल का कहना है कि इन हमलों को आसमान में ही विफल कर दिया गया। 19 जनवरी को हमास और इजरायल के बीच युद्धविराम हुआ था लेकिन दो महीने के अंदर ही युद्ध एक बार फिर शुरू हो गया। अभी सभी बंधकों की रिहाई भी नहीं हो पाई थी। इजरायल ने गाजा में बमबारी शुरू कर दी।

शुक्रवार को इजरायल की आंतरिक खुफिया एजेंसी के हेड शिन बेट को बर्खास्त कर दिया गया। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें शिन बेट पर भरोसा नहीं रहा। हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद वह सवालों के घेरे में आ गयए थे। वहीं गुरुवार को ही इजरायली सेना ने राफा के पास में ही जमीनी हमला भी शुरू कर दिया। सेना ने हमास के ठिकानों को तबाह कर दिया। इजरायली सेना का कहना है कि मध्य और उत्तरी गाजा में हमला करेगा।

गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने कहा कि मंगलवार से तीन दिन में ही कम से कम 504 लोग मारे गए हैं। मारे गए लोगों में 190 लोगों की उम्र 18 साल से कम है। हमास ने कहा है कि उसने भी तेल अवीव के कमर्शल सेंटर पर हमला किया है। इजरायली सेना ने दावा किया है कि यमन से दागी गई मिसाइलों को नष्ट कर दिया गया है। हुती विद्रोहियों ने इजरायल पर हमला करने की कोशिश की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के इस हमले का खुलकर समर्थन किया है। हाल ही में इजरायल की बमबारी में हमास के इंटरनल सिक्योरिटी एजेंसी चीफ राशित जाहजोह भी मारा गया है। अमेरिका का कहना है कि इजरायल सिर्फ आतंकियों को टारगेट कर रहा है। वह आम नागरिकों पर हमला नहीं कर रहा है।

## चारों ओर आलोचना पर नहीं रुके ट्रंप; अमेरिका में नहीं होगा शिक्षा विभाग, आदेश पर किए दस्तखत

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में एक से बढ़कर एक सख्त फैसले लिए हैं। उनके फैसलों पर अक्सर विवाद भी होते रहे हैं। हालांकि ट्रंप रुकने के मूड में नहीं है। चारों तरफ से मिल रही आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए अब ट्रंप ने एक और विवादास्पद फैसले को मंजूरी दे दी है। उन्होंने गुरुवार को देश की शिक्षा विभाग को बंद करने के उद्देश्य से एक आदेश पर दस्तखत कर दिए हैं। वाइट हाउस के ईस्ट रूम में बैठे स्कूली बच्चों से घिरे ट्रंप हस्ताक्षर करने के बाद आदेश को हाथ में लेकर मुस्कुराते हुए नजर आए।



इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह आदेश संघीय शिक्षा विभाग को हमेशा के लिए खत्म करने की शुरुआत है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हम शिक्षा विभाग बंद करने जा रहे हैं और इसे जितनी जल्दी हो सके बंद कर देंगे। यह हमारे लिए कोई अच्छा काम नहीं कर रहा है। हम शिक्षा को राज्यों को वापस लौटाने जा रहे हैं जहां इसे होना चाहिए। इस बीच डेमोक्रेट और अमेरिकी शिक्षकों ने इस कदम की निंदा की है। सीनेट में शीर्ष डेमोक्रेट, चक शूमर ने इसे अत्याचारी और डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अब तक उठाए गए सबसे विनाशकारी कदमों में से एक कहा। गौरतलब है कि 1979 में बनाए गए शिक्षा विभाग को अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि ट्रंप के इस आदेश पर दस्तखत करने के बाद इस विभाग को फंड और कर्मचारी नहीं मिल पाएंगे। इस कदम को डोनाल्ड ट्रंप सरकार के अब तक के सबसे कठोर कदमों में से एक माना जा रहा है, जिसे ट्रंप अपने करीबी एलन मस्क और उनके डिपार्टमेंट फॉर गवर्नमेंट एफिशिएंसी (छ्ह्लत्ध) की मदद से अंजाम दे रहे हैं।

ट्रंप ने इस कदम को पैसे बचाने और अमेरिका में शैक्षिक मानकों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक बताया है। उनका कहना है कि अमेरिका शिक्षा गुणवत्ता के मामले में यूरोप और चीन से पीछे हैं। ट्रंप ने कई बार यह तर्क भी दिया है कि वह चाहते हैं कि अलग-अलग राज्य संघीय सरकार के प्रभाव से मुक्त होकर स्कूल चलाएं। इसके अलावा ट्रंप अमेरिका में अफ़सरशाही व्यवस्था के भी धुर विरोधी रहे हैं और इसे कदम को इस दिशा में अहम कदम बताया है।

## किसे सबसे ज्यादा बुद्धिमान मानते हैं एलन मस्क? टेस्ला सीईओ ने खुद दिया जवाब

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क इस समय पर राष्ट्रपति ट्रंप से सबसे भरोसेमंद साथियों में से एक हैं। डोजे के नेतृत्व के कारण वह लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में एलन ने एक रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज के साथ पॉडकॉस्ट किया। इस पॉडकॉस्ट में मस्क ने दुनिया के तीन सबसे ज्यादा बुद्धिमान लोगों के नाम के रूप में टेक के दिग्गजों को चुना। आपको बता दें कि टेड क्रूज ने यह पॉडकॉस्ट 2020 में डोनाल्ड ट्रंप पर चले महाभियोग के दौरान शुरू किया था।

पॉडकॉस्ट के दौरान टेड ने मस्क के पूछा कि वह खुद के अलावा किस कंपनी के सीईओ को अच्छा या बुद्धिमान मानते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए स्पेसएक्स के सीईओ ने अमेजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस, ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन और गूगल के सह-संस्थापक लैपी पेज का नाम लिया। मस्क ने अपने जवाब को लेकर तर्क दिया कि इन लोगों ने काफी कठिन चीजें हासिल की हैं। मस्क ने कहा कि यह ऐसे लोग हैं जो मानव श्रेणी में वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ हैं।

आपको बता दें कि मस्क ने इन तीन लोगों के नाम लिए हैं। वह उनके साथ व्यापार में या तो गहरी भागीदारी में हैं या फिर कंपटीशन में हैं। जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन मस्क की स्पेसएक्स के साथ कंपटीशन में है। दोनों ही कंपनियां अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक-दूसरे को पछाड़ने में लगी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर एलिसन के साथ भी मस्क का रिश्ता पुराना है। एलिसन ने मस्क के ट्विटर अधिग्रहण के लिए 2018 से 2022 तक टेस्ला बोर्ड में काम करते हुए 1 बिलियन डॉलर का निवेश किया था।



मस्क ने लैरी पेज की तारीफ करते हुए कहा किसी व्यक्ति की उपलब्धियो का उपयोग उसके आईक्यू का मूल्याकंन करने के लिए किया जाता है। टेस्ला सीईओ ने कहा कि मुझे लगता है कि स्मार्ट वही होता है जो स्मार्ट काम करता है। एलन मस्क इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी भागीदारी के लिए सुर्खियों में बने हुए हैं। ट्रंप ने उन्हें नए बनाए सरकारी दक्षता विभाग की कमान संभाली है, जिसे लेकर मस्क काफी उत्साहित भी है। मस्क ने इसके लिए काम करते हुए हजारों सरकारी कर्मचारियों को निकाल दिया और यूएसएड जैसी संस्थाओं के कामों के ऊपर भी प्रकाश डाला।

## अपने बच्चे को सुला देती थी बेड पर, फिर स्टूडेंट्स संग ग्रुप सेक्स करती थी टीचर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के इंडियाना में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां रहने वाली एक महिला टीचर पर आरोप लगे हैं कि उसने स्कूल में पढ़ने वाले कई स्टूडेंट्स के साथ यौन संबंध बनाए। यहां तक कि वह अपने बच्चे को बेड पर सुलाकर स्टूडेंट्स के साथ ग्रुप सेक्स करती थी। महिला ने एक साथ तीन स्टूडेंट्स के साथ यौन संबंध बनाए। इसके अलावा, वह उनके प्राइवेट और न्यूड फोटोज मांगती थी और फिर उन्हें अच्छी खासी रकम भी देती थी। मोरगन काउंटी में पढ़ाने वाली ब्रिटनी फोर्टिनबेरी को यौन शोषण के कई आरोप लगने के बाद उसे स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। कथित घटनाएं 2023 और 2024 में हुईं। प्राप्त अदालती दस्तावेजों में, अभियोजकों का कहना है कि तब से पांच और नए पीड़ित सामने आए हैं और कुछ कथित पीड़ित सिर्फ 13 वर्ष के थे। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों में से एक ने फोर्टिनबेरी पर आरोप लगाया कि उसने उसे बार-बार नशीला पदार्थ दिया और जब वह 13 साल का था, तब उसके साथ सेक्स किया। लड़के ने दावा किया कि वह उसे और उसके दोस्तों को अपने घर बुलाती थी, जहां वह कथित तौर पर उन्हें नशीला पदार्थ देती थी।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन















नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

**बोकारो।** सेल/ बीएसएल द्वारा 16 -31 मार्च तक मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनाँक 21 मार्च को बोकारो जनरल अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़-नाटक का आयोजन सिटी सेंटर, सेक्टर 04 में किया गया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रोचक अंदाज में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुक्सान से अवगत कराया गया. छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि रोजमर्रा की जिंदगी में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से बचने का एक छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव रख सकता है.एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के अन्य दुष्प्रभाव जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो सकता है, उसे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (सी ई डी) श्री शालिग्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिन्दा मंडल, बीजीएच के डॉ गजेन्द्र कुमार सिंह (एसीएमओ), महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री ए के अविनाश, महाप्रबंधक (एचआर) श्री सुशांत शिशिर इत्यादि के मार्गदर्शन में आयोजित नुक्कड़ नाटक, आम जनता के द्वारा काफी सराहा गया.

**जे एस डब्लू, बेल्लारी की जीत के साथ इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का हुआ समापन**

बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में बी एस एल के ट्रेनीज हॉस्टल-1 में स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (स्ढइ) के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 के तहत 21 मार्च को खेले गए फाइनल मैच के रोचक मुकाबले में जे एस डब्लू, बेल्लारी ने आरआईएनएल विशाखापत्तनम को पहले राउंड में 25-20 तथा दूसरे राउंड में 25-12 से हराकर जीत दर्ज की. समापन समारोह में महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) श्री सी आर के सुधांशु तथा अन्य वरीय अधिकारी तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे. मुख्य अतिथि श्री सुधांशु ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और जीत हासिल करने पर बधाई दी.

## दस्तावेज लेखकों का 31 मार्च तक कराएं लाइसेंस नवीकरण : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को जिला अवर निबंधन कार्यालय चास एवं निबंधन कार्यालय तेनुघाट के कार्यों की समीक्षा बैठक की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, अवर निबंधन पदाधिकारी चास सौरव वर्मा, निबंधन पदाधिकारी तुलिका, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में अनुज्ञप्तिधारी दस्तावेज लेखकों (लाइसेंस डीड राइटर्स) के संबंध में जानकारी ली। इस क्रम में कुछ डीड राइटर्सो द्वारा लाइसेंस नवीकरण का कार्य अब तक नहीं किए जाने की बात अवर निबंधन पदाधिकारी ने दी। उन्होंने 31 मार्च तक शेष दस्तावेज लेखकों का अनुज्ञप्ति का नवीकरण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस दौरान डीड राइटर्स को झारखंड डीड राइटर्स लाइसेंसी रूल के संबंध में अवगत कराने को कहा। उन्होंने दोनों निबंधन कार्यालयों में लाइसेंसी डीड राइटर्स की सूची एवं विभिन्न कार्यों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित फिस (राशि) से संबंधित फलैक्स/बैनर परिसर में अधिष्ठापित करने को कहा। उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने आप सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में हैं, का फ्लैक्स परिसर में लगाने को कहा। आगे, उपायुक्त ने दोनों कार्यालयों से राजस्व प्राप्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने शेष दिनों में सरकार से प्राप्त लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं, उप समाहर्ता ने अभियान चलाकर अनिबंधित जितने भी फ्लैट हैं, उसका निबंधन संबंधित फ्लैट मालिकों को 31 मार्च तक कराने का निर्देश दिया। इस कार्य को लेकर अवर निबंधन पदाधिकारियों को प्रचार-प्रसार करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विचार - विमर्श कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

## विश्व वन दिवस पर रुद्राक्ष का पौधा प्रदान कर किया सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी बोकारो महिला समिति की अध्यक्षा अनिता तिवारी को विश्व वन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के द्वारा रुद्राक्ष का पौधा देकर सम्मानित किया गया। सादर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने प्रकृति से श्री तिवारी एवं उनकी पत्नी के आंतरिक लगाव की प्रशंसा की तथा निवेदन किया कि पर्यावरण की सुरक्षा हेतु बोकारो को उनका विशेष सहयोग आगे भी प्राप्त होता रहे । इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के साथ संस्थान के पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक मृणाल कांत चौबे, वृक्ष संरक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक वीरेंद्र चौबे और संस्थान के सलाहकार प्रेमचंद मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### झुग्गी बस्ती के स्कूली बच्चों संग रोटरी सदस्यों ने मनाया जन्म दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने झुग्गी बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय, को ऑपरेटिव कॉलोनी के बच्चों के साथ अपने सचिव मुकेश अग्रवाल का जन्म दिवस मनाया। अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने बताया की स्कूली बच्चों के संग मुकेश ने केक काटा और बच्चों के बीच



केक, टॉफी, बिस्कुट के पैकेट, फल और खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के साथ अपना विशेष दिन मनाने से वह दिन उत्सव बन जाता है और उसकी गरिमा बढ़ जाती है। सचिव मुकेश अग्रवाल ने जन्मदिन का केक बच्चों के संग काटते हुए कहा कि इस माहौल में बच्चों को परिवार जैसा माहौल मिलता है और उनके कुछ कल खुशी से बीतेंगे। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की रोटरी क्लब चास मानव सेवा के लिए जाना जाता है। संजय बैद ने कहा कि कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ केक काटकर रोटरी क्लब चास ने समाज को एक बड़ा संदेश दिया है और इससे प्रेरणादायक एवं यादगार बना दिया है। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह, पूजा बैद, डिंपल कौर,ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल, मंजीत सिंह, प्रेम कुमार, आर्यन अग्रवाल आदी उपस्थित थे।

### कुश्ती खेल एवं खिलाड़ियों का हो समग्र विकास : धर्मवीर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में संघ का एक शिष्टमंडल बोकारो इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज बी०के०तिवारी से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। बोकारो में कुश्ती खेल एवं खिलाड़ियों के समग्र विकास के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर बातचीत हुई। इस संदर्भ में संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने एक ज्ञापन डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी को सौंपा। डायरेक्टर इंचार्ज से आग्रह



करते हुए धर्मवीर सिंह ने कहा कि आज कुश्ती की प्रैक्टिस एवं सभी प्रतियोगिता मैट पर सभागार में आयोजित होती हैं। लेकिन सभागार नहीं मिलने के कारण वर्षों से बोकारो के प्रतिभावान खिलाड़ी खुले आसमान के नीचे हर मौसम में मिट्टी के परम्परागत अखाड़ा में प्रैक्टिस करने को बाध्य हैं । संसाधन एवं उचित ट्रेनिंग के अभाव में भी वो सभी प्रतिभावान खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो स्टील प्लांट, बोकारो जिला एवं झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। लगातार तीन वर्षों से झारखंड में रनर्स अप चैंपियन बनें।तीन बार ओवर आल चैंपियन बनें। राष्ट्रीय खेल में चयनित हुए। बोकारो के बच्चे बच्चियां तथा बोकारो के स्कूलों के छात्र इस खेल का हिस्सा बन सके,मेडल लाकर बोकारो इस्पात, बोकारो जिला एवं झारखंड का नाम रौशन कर सकें।

## दुग्दा, चंद्रपुरा और जारीडीह को बोकारो न्यायालय के क्षेत्राधिकार में शामिल करने का मामला विधानसभा में उठा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत रजक के अथक प्रयासों से दुग्दा, चंद्रपुरा और जारीडीह को बोकारो न्यायालय के क्षेत्राधिकार से जोड़ने की पुरानी मांग सफल हुई। यह जनहित का एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जिससे इन क्षेत्रों के नागरिकों को न्यायिक कार्यों के लिए अनावश्यक लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी। इस संबंध में 16 मार्च को इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को लिखित ज्ञापन दिया था। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, अतुल कुमार, राजश्री शामिल थे। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने इसे झारखंड विधानसभा में उठाया और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस जनहित कार्य के लिए बोकारो का जनमानस एवं अधिवक्तागण आभार व्यक्त करता है। आज वरीय अधिवक्ता एस एन राय ने कहा कि उमाकांत रजक ने जो इस मामला को विधानसभा में उठाया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि जल्द ही दुगदा, चंद्रपुरा, जारीडीह थाना को बोकारो कोर्ट से जोड़ने की करवाई शुरू हो जाएगी। विधायक उमाकांत जी के अथक प्रयास सेआज यह मेहनत रंग लाई और हमारी माँग पूरी होने की ओर है। हम विधायक महोदय के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके निरंतर जनसेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हैं। इस अवसर पर बोकारो के अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वाले में सोमनाथ शेखर, लालटू चरण महतो, दिनेश प्रसाद शर्मा, अतुल कुमार, रमेश पांडेय, भगवान प्रसाद साहू, श्रीकांत शर्मा, सुनील राजहंस, मो हसनैन आलम, जवाहर प्रसाद, सुभाष बोस, प्रवीण कुमार सिंह, शंकर साव,विजय कुमार, अंजनी चौधरी, नीरज मिश्रा, सुनील चांडक, दीपिका सिंह, वंशिका सहाय, संजीत कुमार सिंह,राणा प्रताप शर्मा, विष्णु चरण महाराज, इंद्रनील चटर्जी, महीतोष मंडल, अरूप चक्रवर्ती, ओम प्रकाश लाल, अखिलेश कुमार, रीना कुमारी, सुमन वर्मा, समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे।

## चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग में आर्मी जवान सहित तीन गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पत्थर कट्टा साइड में हरि मंदिर के निकट 19 मार्च की देर रात हुई 5 से 6 राउंड फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में आर्मी जवान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धर्मेंद्र कुमार राय के पास से एक देशी पिस्तौल एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वही इस मामले में आर्मी जवान गुड्डू महतो और निमाई महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर पहले विजय को बुलाकर तेलमोच्चो ब्रिज के पास मारपीट की गई। उसके बाद देर रात जाकर उसके घर के सामने फायरिंग की गई। आरोपी आर्मी जवान गुड्डू महतो मधुबन थाना क्षेत्र का रहने वाला है जबकि निमाई चंद्र महतो महुदा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। धर्मेंद्र कुमार राय चिराचास थाना क्षेत्र का रहने वाला है। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना प्रेम प्रसंग को लेकर हुई है। आरोपी आर्मी जवान के हेड क्वार्टर में इस घटना की सूचना दी गई है। निमाई महतो और धर्मेंद्र कुमार राय पूर्व से भी नामजद अभियुक्त रहे हैं।

## जल्दी सुधारें ये गलती तुरंत आएंगे पैसे : उपायुक्त

**महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मामला**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों के खाते में एक साथ तीन माह की किस्त 7500 रुपये भेज दी गयी है। लेकिन कई महिलाओं के खाते में अब तक यह राशि नहीं पहुंची है। अब वे महिलाएं प्रखंड-अंचल कार्यालय जा रही है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा ने इसके कारणों की पड़ताल की। जिसमें यह बात सामने आई है कि अधिकतर महिलाओं के खाते में पैसे नहीं आने की सबसे बड़ी वजह बैंक अकाउंट का आधार से लिंक नहीं होना है। दूसरी वजह यूडीडीपी पोर्टल के आधार डेटा एवं मंईयां सम्मान योजना के पोर्टल पर दर्ज आधार डाटा में अंतर होना है। *विशेषकर लाभुकों के नाम एवं जन्म तिथि में त्रुटि। इसके अतिरिक्त एक ही खाते का एक से अधिक लाभुकों के डाटाबेस में इंट्री होना तथा एक ही लाभुक का अलग अलग प्रखंडों से इंट्री भी शामिल हैं। गलत राशन कार्ड या फर्जी राशन कार्ड नंबर अंकित होना भी प्रमुख कारण है। इस वजह से अभी बड़ी संख्या में महिलाओं को होल्ड पर रखा गया है।

**ऐसे आएंगे अटके हुए पैसे**

विभाग की ओर से बार-बार बोलने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लाभुक महिलाओं ने ना तो अपना आधार कार्ड बैंक से लिंक करवाया ना ही केवाईसी करवाया। बिना केवाईसी के आपके अकाउंट में पैसे नहीं आएंगे। इसलिए अगर आपके पैसे अटके है तो सबसे पहले अपना आधार कार्ड बैंक से लिंक करवाएं साथ ही अपना केवाईसी भी करवाएं।


**पंचायत सचिवालय स्तर पर लगाएं लाभुकों की सूची**

उपायुक्त ने सभी बीडीओ - सीओ को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के ऐसे लाभुकों जिनका रिजेक्शन लिस्ट में नाम है। उसकी सूची को प्रखंड -अंचल कार्यालय में कई स्थानों पर लगाने एवं सभी पंचायत सचिवालयों में भी कई स्थानों पर लगाने का निर्देश दिया।

## नशे से दूर को लेकर अलग-अलग स्तरों पर कार्यशाला का करें आयोजन : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को एनकोर्ड (नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन) की जिला स्तरीय समिति की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढंडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सीटी डीएसपी आलोक कुमार, ड्रग निरीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, कृषि पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिला में नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में नशा करनेवालों द्वारा नशे के विभिन्न तरीकों के इस्तेमाल व उनकी उपलब्धता पर चर्चा की गई और नशीली चीजों पर रोक लगाने हेतु आवश्यक अभियान चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया गया।

## बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोडरमा में बालिका मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बाल तस्करी के खिलाफ सभी स्टेकहोल्डर को एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। साथ ही गांव में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। सहायक शिक्षक सुनीता कुमारी ने बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए मिलजुल कर इसे समाप्त करने की और आगे बढ़ाने की बात कही। सुनील कुमार टुडू ने बाल मजदूरी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि बाल मजदूरी, बाल तस्करी तथा बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है । कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत यदि किसी भी बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होता है तो तत्काल पुलिस को सूचना देना है। तथा टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। इस दौरान कॉमिक्स बुक्स के माध्यम से बच्चों के बीच जागरूकता का कार्य किया गया तथा बाल तस्करी के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## पहला कदम ने डाउन सिंड्रोम दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों का विशेष स्कूल पहला कदम में आज विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षको द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका उद्देश्य डाउन सिंड्रोम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में समावेशिता को प्रोत्साहित करना है। आमतौर पर डाउन सिंड्रोम से जुड़े मिथक को तोड़ने,इसके लक्षणों और देखभाल के तरीको के बारे में जानकारी दी गई। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता रैली समाज के लोगो को यह समझने में मदद करती है की डाउन सिंड्रोम से ग्रसित लोग भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है और वे भी अपनी क्षमता के अनुसार योगदान कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते है। आज के विशेष दिन बीसीसीएल की दीक्षा महिला मण्डल द्वारा पहला कदम स्कूल के तीन बच्चों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई जो इन दिव्यांग बच्चों को आवागमन के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो तथा मिल्टन पार्थ सारथी उपस्थित थे। पूरे पहला कदम परिवार ने बच्चों की सहायता हेतु सभी का आभार प्रकट किया।

## जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में डिगवाडीह की वृद्ध आदिवासी महिला ने एडीएम को बताया कि उनकी आदिवासी खाते की जमीन पर वह पिछले 22 साल से रहती है। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण किया जा रहा है। मामले की शिकायत करने पर झरिया अंचल कार्यालय ने जांच की और इसकी रिपोर्ट अनुमंडल कार्यालय को भेजी। अनुमंडल कार्यालय द्वारा उन लोगों को बारंबार हाजिर होने के लिए लिखा जाता है। परंतु अवैध निर्माण करने वाले कभी हाजिर नहीं होते है। वहीं दूसरी ओर अवैध निर्माण जारी है। महिला के आवास की नाली भी बंद कर दी है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एडीएम ने अंचल अधिकारी, झरिया को फोन कर तुरंत महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने मेमको मोड़ स्थित शाखा "शांति निवास" के सामने की बाउंड्री वॉल के आगे हो रहा निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस शाखा में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग महिला, पुरुष और बच्चे रहते हैं। बाउंड्री वॉल के आगे हो रहे निर्माण से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। एडीएम ने अंचल अधिकारी धनबाद को इसकी जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए सहायता प्रदान करने, जमीन पर कब्जा कर किया गया अवैध निर्माण ध्वस्त करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com